While the current (of 2010) E-waste production equipment wise as per the estimates of UNEP report 2010, is over 100,000 tonnes from refrigerators, 275,000 tonnes from TVs, 56,300 tonnes from personal computers, 4700 tonnes from printers and 1700 tonnes from mobile phones. The data only includes equipment generated nationally but does not include waste imports (both legal and illegal) which are extensive in emerging economies like India and China (UNEP report, 2010). Whereas, a report by Toxics Link (2004) said that at recycling units in New Delhi (India) itself, 70% of the total electronic waste collected was actually exported or discarded by developed countries (Toxic Link, 2004). While the GTZ–MAIT Study in 2007 estimates that around 50,000 tonnes of WEEE were imported to India every single year (GTZMAIT, 2007). There is a vital need to decide a plan for E-waste problem in developing country like India, as the UNEP 2010 report predicts that by 2020, E-waste from old computers in India will jumped by 500%; from discarded mobile phones will be about 18 times high; from televisions will be 1.5 to 2 times higher; from discarded refrigerators will double or triple in future.

Conclusion - The paper proposed a national uniform E-waste administration framework for India in view of the present, social, temperate, word related and ecological situation, needs and prerequisites investigation in light of different effective practices, approaches followed in different nations. The proposed framework may prompt more formal and thorough control of the administrative specialist over the E-waste gatherers, merchants, recyclers, produces and importers– exporters of electronic machines. It might increase the E-waste gathering and prompt more proper utilization of assets including specialized aptitude and advances for better E-waste administration. The Indian E-waste framework requires a few changes for the naturally solid and directed logical handling of E -waste. Further, studies, contemplations and research are required for changing the strategies, council and laws identified with E-waste to suit the Indian situation. Additionally there exists a requirement for discovering the most ecological cordial reusing/transfer procedures and treatment choices for taking care of the E-waste containing the different poisonous and risky materials. Administration of E - waste, if appropriately completed, is an open door as it is regularly called as "urban mining." The part of open private organization (PPP) assumes a key part in creating and sorting out a sound E-waste administration procedure in India.

References:-

1. Brune MN, Goldizen F, Neira M, *et al.* (2013). Health effects of exposure to e-waste. *Lancet Glob Health;* 1:e70.
2. Chatterjee, S. and Kumar, K., (2009). Effective electronic waste management and recycling process involving formal and non-formal sectors. *International Journal of Physical Sciences.* 4(13): 893-905.
3. Dwivedy, M. and Mittal, R. K., (2010). Future trends in computer waste generation in India. *Waste Manage.* **30:** 2265-2277.
4. Amoyaw-Osei Y., Agyekum O. O., Pwamang J. A., Mueller E, Fasko R, Schluep M. (2011). Ghana E-Waste Country Assessment. SBC E-waste Africa Project. Available: http://ewasteguide.info/files/Amoyaw-Ose i_2011_GreenAd-Empa.pdf [accessed 10 October 2014].
5. GTZ-MAIT, (2007). A study on E-waste assessment in the country. The German Technical Cooperation Agency (GTZ) and Manufacturer's Association for Information Technology Industry (MAIT) press release on date December 13, 2007. Available at: http://www.mait.com/admin/press_images/press77-try.htmN. (Last accessed on 4th May, 2008).
6. Heimbuch J. (2009). An article entitled India Struggling with Nearly Half a Million Tons of e-Waste and Growing, 2009. Published on date March 11, 2009. bhttp://www.treehugger.com/files/2009/1 1/india-struggling-with-

nearly-half-a-million-tonsof-e-waste-and-growing.phpN.

7. IRGSSA. (2005). International Resource Group, Delhi. Country level WEEE assessment study by IRGSSA 2005
8. Massachusetts Institute of Technology (MIT), (2013). National Center for Electronics Recycling (NCER). World e - waste map reveals national volumes, international flows. 2013. Available at: https://www.vie.unu.edu/file/get/11505.pdf. Accessed October 14, 2014.
9. MOEF, (2008). Guidelines for Environmentally Sound Management of E-waste (as approved vide Ministry of Environment and Forests (MOEF) letter No. 23-23/ 2007-HSMD; 2008. dated March 12, 2008.
10. MPCB, (2007). Report on Assessment of Electronic Wastes in Mumbai -Pune Area Maharashtra. Maharashtra Pollution Control Board.
11. Schluep, M Christian Hageluekenb, Ruediger Kuehrc, Federico Magalinic, Claudia Maurerc, Christina Meskersb, Esther Muellera, Feng Wang. e-Waste generation and management in Uganda. 2008.
12. Sinha, D., (2004). The management of electronic waste: A Comparative Study on India and Switzerland. (Master's Thesis, University of St. Gallen, 2004).
13. Sinha-Khetriwal, D., Kraeuchi, P. and Schwaninger, M., (2005). A comparison of electronic waste recycling in Switzerland and in India. *Environ. Impact Assess. Rev.* **25:** 492-504.
14. Toxic Link. Scrapping the hi-tech myth; computer waste in India; (2003). February 1, 2003 bhttp://www.toxicslink.org/pub-view.php?pubnum=37N.
15. UNEP. (2010). A report — recycling — from E-waste to resources, 2010. Released by United Nations Environment Programme (UNEP); 2010 on date February 22, 2010.

****

विभाजन पर आधारित हिन्दी उपन्यासों का परिचयात्मक विवरण

डॉ. जयराम त्रिपाठी *

प्रस्तावना – स्वतन्त्र भारत का उदय विभाजन के साथ हुआ। यह प्रथम अवसर था, जब धर्म के नाम पर संस्कृति को बाँटने का प्रयत्न किया गया और कहा गया कि मुसलमानों के लिए एक पृथक् राष्ट्र 'पाकिस्तान' होगा।[1] भारत ने धर्म निरपेक्ष स्वरूप अपनाया, जिसमें सभी धर्मों के लोगों को समान अधिकार दिये गये।[2] विभाजन ने सदियों से साथ-साथ रहते लोगों के लिए अपना अलग राष्ट्र चुनने का विकल्प दिया था, जो व्यावहारिक स्तर पर बेमानी सिद्ध हुआ।[3] विभाजन की विभीषिका के बाद भारत में हिन्दू-मुसलमान सम्बन्धों में नये आयाम देखे गये।[4] ये आयाम सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक स्तर पर रेखांकित किये गये।[5] हिन्दी के कई साहित्यकारों ने अपने उपन्यासों की कथावस्तु ऐसे वातावरण से ग्रहण की[6] और इन सम्बन्धों के विविध रूपों को अभिव्यक्त करने का प्रयास किया।[7] स्वतन्त्र भारत के कुछ प्रमुख उपन्यासों में अभिव्यक्त हिन्दू-मुसलमान सम्बन्ध एवं विभाजन को इस पृष्ठभूमि में देखना और भी प्रासंगिक होगा।[8] स्वतन्त्रता-प्राप्ति के बाद लिखे गये कुछ प्रमुख उपन्यास इस प्रकार हैं, जिनमें हिन्दू-मुसलमान सम्बन्धों का विविध स्तरों पर चित्रण हुआ है-

1. और इन्सान मर गया : रामानन्द सागर (1948 ई.)
2. झूठा सच : यशपाल (1958 ई.)
3. सती मैया का चौरा : भैरवप्रसाद गुप्त (1959 ई.)
4. लौटे हुए मुसाफिर : कमलेश्वर (1961 ई.)

1. और इंसान मर गया – स्वतन्त्रता-प्राप्ति के बाद विभाजन के दर्द एवं हिन्दू-मुसलमान द्वंद्व की विभीषिका को रेखांकित करता हुआ हिन्दी का प्रथम उपन्यास रामानन्द सागर ने 'और इन्सान मर गया' नाम से लिखा इससे पूर्व वे उर्दू में लिखते थे। 'सागर उर्दू के लिए पुराने चाहे पर हिन्दी के लिए नये है।'[10] इस उपन्यास में विभाजन के बाद लाहौर में हुए दंगों, उनके प्रभाव एवं विस्थापन के दौरान मानवीयता को स्वार्थ-तले दबते-कुचलते दिखाया गया है। 'यह कथा भारत-पाक विभाजन के समय की यथार्थ स्थिति का चित्रण करती है। चारों ओर फैली हिंसा, घृणा, घायल मानवता, शारीरिक, मानसिक व आत्मिक रूप से टूटन आदि वस्तुस्थितियों का सजीव अंकन किया गया है।'[11]

इस उपन्यास में साम्प्रदायिकता के मूल तत्तव को पहचानने की कोशिश की गयी है एवं अपनी सुरक्षा के लिए अभिजात वर्ग के लोगों द्वारा अपनाये जाने वाले हथकण्डों की ओर इशारा किया गया है। रामानन्द सागर ने अराजक नौजवानों द्वारा तांगेवाले को जिन्दा जला दिये जाने के वर्णन से यह दिखाने की कोशिश की है कि इन दंगों से वह वर्ग अधिक प्रभावित होता है, जिसका उन विवादों से कुछ लेना-देना नहीं होता और जो धर्म एवं मज़हब को मानवीयता के आड़े नहीं आने देता। रामानन्द सागर के इस उपन्यास में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार को एकांगी करके दिखाया गया है। अभिजात वर्ग के षड्यंत्र को क्लार्क पहचान लेता है- 'मैं जानता हूँ कि कोई भी यहाँ सच्चे दिल से क़ौम की ख़ातिर नहीं बैठा हुआ है। सब अपने-अपने स्वार्थ से मज़बूर हैं और अगर कोई सचमुच ही यह समझता है कि वह क़ौम के लिए कुछ कर रहा है, तो वह मूर्ख है, इन पूँजीपतियों के हाथों में खेलकर दूसरों की धन-सम्पत्ति बचाने के लिए अपने जीवन को ख़तरे में डाल रहा है।'[12] क्लार्क की इस मानवीय और व्यापक समझ के बावजूद दंगे होते हैं, लोग विस्थापित होते हैं और मानवीयता मरती रहती है। आनन्द इस भयावह माहौल में मानवीयता के मसीहा की भूमिका निभाता है। यद्यपि उपन्यास में मुसलमान आतातायी दिखाये गये हैं, लेकिन मौलाना एवं रहमान इन आतातायी मुसलमानों के बीच भी मानवीयता की मिसाल बनकर आते हैं। मौलाना साहब तो अपनी जान पर खेलकर कई हिन्दुओं की रक्षा करते हैं। तमाम अमानवीय वातावरण में ये पात्र प्रेम और सौहार्द का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं।

रामानन्द सागर का यह उपन्यास रोमानी भावुकता के बीच यथार्थ की तस्वीर प्रस्तुत करता है और मानवीयता की हत्या होते हुए चित्रित करता है। चमनलाल इसे 'हिन्दी फ़िल्मों की कहानी-जैसा सामान्य उपन्यास'[13] मानते हैं। रामानन्द सागर की ख्याति वैसे भी एक फ़िल्मकार और धारावाहिक निर्माता की है। इनके इस उपन्यास में भी फ़िल्मी पुट है। यह उपन्यास स्वतन्त्रता-प्राप्ति के तुरन्त बाद लिखा गया था इसलिए इसका ऐतिहासिक महत्तव ज़्यादा है।

2. झूठा सच (1958ई.) – यशपाल रचित दो खण्डों में झूठा सच भारत के विभाजन की त्रासदी एवं हिन्दू-मुसलमान सम्बन्धों की व्याख्या करने वाला महत्तवपूर्ण उपन्यास है। हरिमोहन शर्मा इसे 'विभाजन की त्रासदी की महागाथा' के अतिरिक्त 'बीसवीं शताब्दी के चौथे-पाँचवे दशक के हिन्दुस्तानी जीवन की लय, उसकी मार्मिक और प्रामाणिक छवि प्रस्तुत'[14] करने वाला उपन्यास मानते हैं। यशपाल ने इस उपन्यास में देश के बँटवारे के समय और उसके पहले तथा बाद में साम्प्रदायिक विभीषिका में जलते लोगों का मार्मिक चित्रण किया है।

लाहौर के भोला-पांधे की गली से झूठा सच की कथा शुरू होती है और आजादी की विभीषिका का साक्षात् कराती तत्कालीन सामाजिक, राजनीतिक जीवन का आईना बनती है। इस उपन्यास का प्रथम खण्ड 'वतन और देश' तथा द्वितीय खण्ड 'देश का भविष्य' नाम से आया। 'वतन और देश' नाम सम्भवत: दिया ही इसलिए गया है कि वतन लाहौर में लम्बे समय से रह रही हिन्दू-मुसलमानों की पीढ़ियाँ, एक-दूसरे के दु:ख-दर्द में काम आती, एक-दूसरे से घुलती-मिलती, एक ऐसे स्वत: स्फूर्त समग्र समाज का

* सहा. प्रोफेसर, हेमवती नंदन बहु. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नैनी, प्रयागराज (उ.प्र.) भारत

निर्माण किये हुए थीं– जिससे अलग होने की कल्पना स्वप्न में भी नहीं की जा सकती थी।'[15] लेकिन परिस्थितियाँ ऐसी बनीं कि 'वतन' तो छूटा ही, लम्बे समय से साथ–साथ जीते आ रहे सहअस्तित्व एवं भाईचारे का सूत्र भी टूट गया। लाहौर की भोला पांधे की गली, जहाँ हिन्दू–मुसलमानों के घर आपस में सटे हुए थे और जिनके सामाजिक सबन्ध मधुर थे, उसी गली में दो औरतें हिन्दू रक्षा कमेटी से आती हैं और कलकत्तो में हो रहे दंगों का अतिरंजनापूर्ण वर्णन करती हैं[16] तथा लोगों में मुसलमानों को लेकर फैली अफवाहों को हवा दे जाती हैं।[17]

यशपाल अनेकश: इंगित करते हैं कि हिन्दू–मुसलमान साथ–साथ रहते हैं, लेकिन उनमें बुनियादी विषमताएँ हैं और ये बुनियादी विषमताएँ कहीं गहरे अन्तर्मन में जाकर बैठ गयी हैं। 'झूठा सच की मौलिकता इस तथ्य में अन्तर्निहित है कि इसका कथा वृत्तान्त विभाजन के उस महाआख्यान को ही ध्वस्त करता है, जो उसे महज अंग्रेजों की चाल और मुस्लिम लीग की मजहबी माँग तक सीमित करता है।'यशपाल हिन्दू–मुस्लिम भाईचारे की ऊपरी सतह को खुरचकर उन कुरूप सच्चाईयों को उजागर करते हैं, जिनके बिना विभाजन के आख्यान को नहीं समझा जा सकता। लाहौर की भोला पांधे की जिस गली की हलचलों से झूठा सच के पृष्ठ खुलते हैं, वहाँ हिन्दू रक्षा समिति की महिलाओं के मुस्लिम विरोधी प्रचार का सफल होना गली की भोली महिलाओं की भोली समझ का परिणाम मात्र नहीं है। इसके मूल में है हिन्दू–मुसलमानों के बीच आशंका, घृणा और ऊँच–नीच की वह दीवार जो हिन्दू धर्म की श्रेष्ठता और मुस्लिम उत्पीड़न की ग्रन्थि पर टिकी है।'[18]

यशपाल झूठा सच में हिन्दू–मुसलमान सम्बन्धों के सौहार्दपूर्ण न हो सकने के लिए हिन्दुओं की सवर्ण मानसिकता एवं आर्थिक सम्पन्नता को जिम्मेदार तो मानते ही हैं[19], वे यह भी रेखांकित करते है कि रोटी एवं बेटी के स्तर तक इन सम्बन्धों की व्याप्ति न हो सकने के लिए समुदाय के प्रगतिशील लोगों की रूढ़िवादी मानसिकता आड़े आ जाती है। पुरी अपनी प्रेम की सफलता के लिए अपनी बहन तारा का सहयोग तो लेता है, लेकिन तारा के असद के प्रति आकर्षण जानकर तिलमिला उठता है। उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा भी दाँव पर लगती दिखायी देती है। वह उधेड़बुन में है– जोड़ लगाया भी तो मुसलमान से और सामने कैसी घृष्टता से बोली। हमारा मुँह काला करायेगी? 'कनक ने सामाजिक स्तर के भेद के आधार पर अपना प्रणय लौटाकर उसे अपमानित किया था और उसके परिवार पर कलंक लगा रही थी। उसके पास घर नहीं था, वैभव नहीं था, पद नहीं था, केवल बदनामी न होने का सम्मान था। तारा उसी को कलंकित कर रही थी।'[20]

यशपाल के इस महाकाव्यात्मक उपन्यास में हिन्दू–मुसलमान सम्बन्धों में घृणात्मक आचरण के लिए अन्धविश्वास, मूढ़ता और धर्म के आधार पर निर्मित होने वाले संस्कारों से उत्पन्न अमानवीयता, असंवेदनशीलता, चारित्रिक अवसरवादिता को जिम्मेदार ठहराया गया हैं। यशपाल विभिन्न पात्रों के माध्यम से इसे प्रस्तुत करते हैं। उपन्यास का एक प्रमुख पात्र प्रो. प्राणनाथ साम्प्रदायिक घृणा एवं विद्वेष का मूलगामी विश्लेषण करता है और इस व्यवहार के मूल कारण में हिन्दू समाज की असहिष्णुता और मुसलमानों के प्रति घृणा को देखता है। डॉ. हरदयाल मानते हैं कि 'मुसलमान अगर न होते, तो यह समस्या अस्पृश्यता के स्तर पर देखने को मिलती। 'मुसलमान न सही अछूत ही समस्या बन जायेंगे।'[21]

झूठा सच में यशपाल ने विभाजन की महागाथा को प्रामाणिक बनाने एवं कथा–संयोजन के लिए कई हिन्दू पात्रों के साथ मुसलमान पात्रों की रचना की है। असद–जैसे पात्र प्रगतिशील विचारधारा से ओत–प्रोत हैं और साम्प्रदायिकता के मुद्दे पर बेबाक टिप्पणी करते हैं। जुबेर, जुबैदा आदि पात्र हिन्दू–मुस्लिम एकता के लिए प्रयासरत हैं। असद की सुलझी दृष्टि द्रष्टव्य है–'अगर धर्म या सम्प्रदाय के विश्वासों की पृथक्ता के बावजूद हिन्दू–मुसलमानों के सामाजिक सम्बन्ध होते रहें, तो आपसी झगड़ा कितना कम हो जाये। वास्तव में हिन्दू या मुसलमान साम्प्रदायिक विश्वास को ग्रहण करने का कुछ अर्थ भी तभी होगा।'[22] हिन्दू–मुसलमान का भेद न माननेवाला असद शरणार्थी कैम्प में तारा की स्थिति जानते हुए भी विकट परिस्थितियाँ खड़ी करता है–'अपने–आपको हिन्दू कहकर तो तुम लाहौर में रह नहीं सकोगी।'[23] वह भी तारा को उसके हाल पर छोड़ देता है। यशपाल ने नब्बू एवं हाफ़िज–जैसे पात्रों की सृष्टि भी की है। नब्बू, तारा से यह कहते हुए बलात्कार करता है कि हिन्दू औरत ही तो ख़राब है।[24] जैसे हिन्दू औरत न हो या कि बलात्कार के लिए उसे सिर्फ़ इसलिए छूट मिल जाती है कि वह हिन्दू है। हाफ़िज जी तारा पर मुसलमान हो जाने के लिए दबाव डालते हैं।[25] लेकिन जैसा कि नासिरा शर्मा मानती हैं–'हिन्दू–पंजाबी समाज से किरदार उठाते हुए यशपाल जी ने विविधता का विशेष ध्यान रखा है। मगर मुसलमान पात्रों के चयन में यशपाल जी से कहाँ पर चूक हुई है कि उन्हें एक भी ऐसा पात्र नज़र नहीं आया जो गाँधी जी के कथनानुसार देशभक्त होता या रफ़ी अहमद किदवई या अबुल कलाम आज़ाद का अक्स होता या फिर पुरी की तरह ही कोई छद्म इंक़लाबी होता या फिर ऐसा कोई वैचारिक संगठन होता जिसमें हम बन्ने भाई, अली सरदार ज़ाफ़री, क़ैफ़ी आज़मी को झलकेता–उबला देख पाते, खासकर जब उपन्यास का काफ़ी हिस्सा लखनऊ को समेटता है। मण्टो की तरह वह (तोबा टेकसिंह) एक भी किरदार ऐसा न दे सके, जो मुसलमान हो और उसे बँटवारा नहीं चाहिए।'[26]

यशपाल के झूठा सच में यह बात भी महसूस की जाती है कि पंजाब की हिन्दू–मुसलमान एकता की संस्कृति भी नहीं देखने को मिलती–'सदा से यह कहा जाता है कि पंजाब के हिन्दू–मुसलमानों में बड़ा एका था। यह देखने को भी मिला, जब पाकिस्तान में भारतीय हिन्दू पंजाबी, पाकिस्तानी मुस्लिम पंजाबी से मिलता है और उसी तरह मुसलमान पाकिस्तानी पंजाबी हिन्दुस्तान में हिन्दू पंजाबी से जिस तरह मिलते हैं, उनकी खुशी और उमंग छिपी नहीं रहती। उससे उनका शीर व शक्कर होना झलकता है। मगर वह अपनापन जो उस दौर के पंजाब का गुण हुआ करता था, पूरे उपन्यास में कहीं दर्शाया नहीं गया।'[27]

यशपाल ने दंगो का वर्णन करते हुए भी तारा एवं बन्तो सरीखी हिन्दू लड़कियों पर होते हुए अत्याचार का तो विस्तार से वर्णन किया है, लेकिन मुसलमान चरित्रों की ओर सूचना देकर रह गये हैं। उनके विवरण में संवेदनात्मक स्पर्श का अभाव परिलक्षित होता है। उन्होंने दंगे के शिकार लोगों के विषय में चर्चा करते हुए हिन्दू–मुसलमान दोनों समुदायों की बात की है, लेकिन सम्बन्धों की आर्थिक विषमताओं को उभारने में ज़्यादा सफल रहे हैं–'हिन्दू सिख लाये हैं बक्से, सन्दूक, नकदी, ज़ेवर और बाण्ड। यह लोग मिट्टी के हुक्के, टूटी चारपाइयाँ, चूल्हे, चक्की, मुर्गियाँ लिये चल रहे हैं। यही इनकी गृहस्थी थी। जिसके पास जो कुछ होगा उसी से ममता करेगा, वहीं तो उठाकर ले जायेगा। ठीक ही कहते थे, होते का नाम हिन्दू, मुफ़सिली का मुसलमान।' लेकिन विभाजन की इस महागाथा में मुसलमान पात्र सहानुभूति से अछूते रह गये हैं।

3. सती मैया का चौरा (1950 ई.) – भैरवप्रसाद गुप्त का यह उपन्यास मङ्गे एवं मुन्नी दो पात्रों के बहाने एक गाँव की तीन पीढ़ियों की कथा कहता है और सामन्ती व्यवस्था के विघटन एवं नयी समाजवादी व्यवस्था के निर्मिति

की कथा कहता है। 'सती मैया का चौरा' मन्ने एवं मुन्नी दो मित्रों की कथा है। मन्ने मुसलमान है और सामन्ती व्यवस्था का भग्नावशेष, मुन्नी हिन्दू है और एक सुलझा हुआ समाजवादी। दोनों की मित्रता एक ऐसी गुत्थी सुलझाते हुए होती है, जो हिंदुओं एवं मुसलमानों में अलग-अलग अवधारणाओं के साथ व्याप्त है। यह गुत्थी है तम्बाकू की फसल को लेकर। उनके पहले परिचय का वार्तालाप हिन्दू-मुसलमान मनोग्रन्थि को सहजता से प्रकट करता है-

'दुत ! वे तो रोएँ हैं-कहकर वह हँस पड़ा।

-नयी, ये गाय के बाल हैं।-उस लड़के ने आँखे मटकाते हुए कहा।

-लेकिन मैं तो सुअर के बाल खोज रहा हूँ।

-तो क्या तुम मुसलमान हो? उस लड़के ने कहा।'[29]

मन्ने के पिता मियाँ गाँव की छीजती ज़मींदारी व्यवस्था के प्रतिनिधि हैं। उनके लिए मनुष्यता का बोध सर्वोपरि है इसलिए हिन्दू-मुसलमान ज़्यादा महत्तव नहीं रखता है। वे मन्ने एवं मुन्नी की मित्रता को सहजता से स्वीकार कर लेते हैं और मन्ने की 'हिन्दी' पढ़ने की इच्छा को धार्मिक संकीर्णता के दायरे से बाहर रखकर देखते हैं। कैलसिया की इज़्ज़त ख़राब होने पर वे न सिर्फ़ उसे शरण देते हैं, सम्मान का पात्र बनाते हैं, अपितु अन्याय के प्रतिकार हेतु मानवीयता का साथ धर्म के मामले से ऊपर उठकर देते हैं। अपने जीवन के उतार-चढ़ाव के मध्य मन्ने गाँव में एक स्कूल खोलता है और शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्तवपूर्ण पहल करता है। मुन्नी का इसमें सहयोग मिलता है। इस स्कूल पर कब्ज़ा करने के उद्देश्य असफल रहने पर गाँव के कुछ लोग जिनमें जुबली मियाँ-जैसे मुसलमान भी शामिल हैं, उपेक्षित पड़े सती मैया के चौरे के बहाने गाँव में साम्प्रदायिक उन्माद फैलाना चाहते है। 'मुन्नी साम्प्रदायिकता की दहकती आग में उसे शान्त करने कूद पड़ता है। वह अपनी ऐतिहासिक भौतिकवादी समझ के आधार पर उन्हें बताता है-असल में यह लड़ाई ऊपर तबको की है और हमारे देश को सामन्तवाद की देन है।'[30] मुन्नी साम्प्रदायिकता की समस्या को धार्मिक नहीं बल्कि राजनीतिक मानता है और उसके मेत में-'सही राजनीति ही साम्प्रदायिकता का अन्त कर सकती है।'[31] उसके मत में सही राजनीति-समाजवादी व्यवस्था में है। उसके अनुसार-'साम्प्रदायिकता इलाज केवल वर्ग-चेतना है। उपदेश नहीं, सुधार नहीं, धर्मो का समन्वय नहीं।'[32] साम्प्रदायिक उन्माद को वर्ग-चेतना से मन्ने दबाने में तो सफल हो जाता है। उसके प्रयास में ग्रामीण विकास के प्रतीक रूप में नहर भी निकालने की सरकारी परियोजना शुरू हो जाती है, लेकिन मन्ने को इसकी कीमत घायल होकर चुकानी पड़ती है।

भैरवप्रसाद गुप्त ने 'सती का चौरा' उपन्यास में हिन्दू-मुसलमान सम्बन्धों को प्रसिद्ध विचारक कार्ल मार्क्स के द्वन्द्वात्मक भौतिकवादी सिद्धान्त पर देखेन-परखने की कोशिश की है। वस्तुत: 'भैरवप्रसाद गुप्त ने अपने उपन्यासों में सामन्तवादी अर्थोत्पादन और सामाजिक सम्बन्धों पर चोट की है। फलस्वरूप साम्प्रदायिक वैमनस्य की बुनियादी स्थितियाँ अपेन-आप ही सामने आ गयी हैं।'[33] भाषा-समस्या, सामन्ती व्यवस्था, कांग्रेसी राजनीति आदि के बहाने भैरवप्रसाद गुप्त ने हिन्दू-मुसलमान द्वन्द्व को सफलता से चित्रित किया है उसके प्रयास में दोनों समुदायों में फैल रही वैमनस्यता के मूल उत्स की पहचानने की कोशिश की है। सही राजनीति को वे समुदायों के सह-अस्तित्व के लिए जरूरी मानते हैं। वस्तुत: वर्गभेद के आधार पर सम्बन्धों को देखने की भैरवप्रसाद गुप्त की दृष्टि इतनी फार्मूलाबद्ध है कि पूरा उपन्यास सैद्धान्तिक आख्यान बनकर रह जाता है।

4. लौटे हुए मुसाफ़िर (1961 ई.) - कमलेश्वर रचित 'लौटे हुए मुसाफ़िर 'साम्प्रदायिकता पर चोट करनेवाला अपने ढंग का एक अनूठा उपन्यास'[34] है। इस उपन्यास में कमलेश्वर ने एक ऐसी बस्ती में रहनेवाले लोगों को लेकर कथानक बुना है, जिसने 'अट्ठारह सौ सत्तावन में अंग्रेज़ों से लोहा लिया था। हर क़ौम और मज़हब के लोगों ने कन्धे-से-कन्धा मिलाकर गोलियों की बौछार सीनों पर झेली थी।'[35] इस बस्ती का सामाजिक ताना-बाना कुछ ऐसा था कि 'जब रामलीला का विमान उठता था, तो मुसलमान औरतें दरवाज़ों की चिकें या बोरों के पर्दे उलटकर मूर्तियों के श्रृंगार की तारीफ़ करती थीं और उनके बच्चे विमान के साथ दूर तक शोर मचाते हुए आया करते थे-बोल राजा रामचन्द्र की जै! लेकिन सिर्फ़ नफ़रत की आग ने इस बस्ती को जलाया था।'[36] यह नफ़रत की आग कतिपय कट्टरपन्थी लोगों ने लगायी थी और आतंक का वातावरण पैदा कर दिया था, जिससे वर्षों से चली जा रही सहिष्णुता समापत हो रही थीं।

कमलेश्वर इस उपन्यास के माध्यम से यह स्पष्ट करते हैं कि विभाजन के लिए राजनीति उत्तरदायी है। मुस्लिम ध्रुवीकरण वस्तुत: विभाजन के प्रश्न पर ही होता है। बस्ती के अधिकांश लोग अपने 'मुलुक' के लिए ही पलायन करते हैं। उपन्यासकार ने विभाजन के दौरान बस्ती छोड़कर चले गये लोगों को अन्त में वापस लौटते हुए दिखाया है, हालाँकि 'विभाजन की स्थिति और उसके कारणों को स्पष्ट करने के लिए उसमें मुसाफ़िरों का लौटना उतना ज़रूरी नहीं है जितना लेखक का यह कहना-'गरीबी, अपमान, भूख और बेबसी में भी वे हारे नहीं थे पर नफ़रत की आग और शंकापूर्ण धुआँ ये बर्दाश्त नहीं कर पाये और उनके काफिले एक अनजान देश की ओर चले गये।'[37]'लौटे हुए मुसाफ़िर' बेहद सामान्य तरीके से हिन्दू-मुसलमान द्वन्द्व को तीखे स्तर पर उभारता है और साम्प्रदायिकता के निहितार्थ को बेनकाब करता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मौलाना अबुल कलाम आजाद, इण्डिया विनस फ्रीडम, उद्धृत-असगर अली इंजीनियर, भारत में साम्प्रदायिकता : इतिहास और अनुभव, पृ. 103
2. असगर अली इंजीनियर, भारत में साम्प्रदायिकता : इतिहास और अनुभव, पृ. 104
3. राम पुनियानी, साम्प्रदायिक राजनीति : तथ्य एवं मिथक, पृ. 77
4. असगर अली इंजीनियर, भारत में साम्प्रदायिकता : इतिहास और अनुभव, पृ. 15
5. अभय कुमार दुबे, क्षेत्रीय समर्थन की तलाश में हिन्दुत्व, साम्प्रदायिकता के स्त्रोत, पृ. 119
6. विपिनचन्द्र, आजादी के बाद का भारत, पृ. 57
7. असगर अली इंजीनियर, भारत में साम्प्रदायिकता : इतिहास और अनुभव, पृ. 115
8. राही मासूम रजा, सिनेमा और संस्कृति, पृ. 124-125
9. भूमिका, उपेन्द्रनाथ अश्क, और इन्सान मर गया, पृ. 14
10. संतोष गोयल/उषा कस्तूरिया, हिन्दी उपन्यास कोश, पृ. 699
11. रामानन्द सागर, और इंसान मर गया, पृ. 82
12. चमनलाल, कथा आलोचना, शताब्दी कथा साहित्य, पृ. 165
13. हरिमोहन शर्मा,विभाजन की त्रासदी की महागाथा, वर्तमान साहित्य,पृ.340
14. हरिमोहन शर्मा,विभाजन की त्रासदी की महागाथा, वर्तमान साहित्य,पृ.340
15. हरिमोहन शर्मा,विभाजन की त्रासदी की महागाथा, वर्तमान

साहित्य,पृ.340
16. 'सुनो कुड़ियों, बहिन जी कह रही हैं, कलकत्तो के बंगाल में मुसलमानों ने दस हजार हिन्दू भाई कत्ल कर दिये हैं। बाजारों में बहन-बेटियों के कपड़े उतारकर सौ-सौ बेईमान मुसलमानों ने हिन्दू औरतों.... झूठा सच, खण्ड-1, पृ. 52
17. 'मुसलमान मरे खूब तैयारी कर रहे हैं। पानी के नल कटवा-कटवाकर बन्दूकें बना रहे हैं। मुसलमानियों ने भी छूरे रख लिये हैं। हमीं लोग सोये हुए हैं।' पृ. 52
18. वीरेन्द्र यादव, झूठा सच : राष्ट्रवाद मुस्लिम अलगाववाद और नारी प्रश्न, तद्भव-1, पृ. 22
19. 'लाहौर में मुसलमान इक्यावन फीसदी हैं तो क्या हुआ जमीन-जायदाद तो अस्सी फीसदी से ज्यादा हिन्दुओं की है।' झूठा सच, खण्ड-1,पृ.195
20. यशपाल, झूठा सच, खण्ड-एक, पृ. 188
21. यशपाल, झूठा सच, खण्ड-एक, पृ. 2100
22. यशपाल, झूठा सच, खण्ड-एक, पृ. 67
23. यशपाल, झूठा सच, खण्ड-एक, पृ. 407
24. यशपाल, झूठा सच, खण्ड-एक, पृ. 317
25. यशपाल, झूठा सच, खण्ड-एक, पृ. 323
26. नासिरा शर्मा, भारतीय मुस्लिम समाज और झूठा सच, भारतीय साहित्य, यशपाल विशेषांक, पृ. 271
27. नासिरा शर्मा, भारतीय मुस्लिम समाज और झूठा सच, भारतीय साहित्य, यशपाल विशेषांक, पृ. 272
28. यशपाल, झूठा सच, खण्ड-एक, पृ. 412
29. भैरवप्रसाद गुप्त, सती मैया का चौरा, पृ. 16
30. कुँवरपाल सिंह, सती मैया का चौरा, जनसंघर्ष के आयाम, पृ. 169
31. सती मैया का चौरा, पृ. 377
32. सती मैया का चौरा, पृ. 414
33. राजेश्वर सक्सेना, इतिहास कथा और भैरवप्रसाद गुप्त के उपन्यास, विद्याधर शुक्ल (सं.), भैरव प्रसाद गुप्त व्यक्ति और रचनाकार, पृ. 800
34. डॉ0 वीरेन्द्र सक्सेना, कमलेश्वर की औपचारिक यात्रा, (सं.) मधुकर सिंह-कमलेश्वर, पृ. 192
35. कमलेश्वर, लौटे हुए मुसाफिर, पृ. 1
36. कमलेश्वर, लौटे हुए मुसाफिर, पृ. 2
37. डॉ0 वीरेन्द्र सक्सेना, कमलेश्वर की औपन्यासिक यात्रा, पृ. 193

****

Mineral Consumption in Different Socio- Economic Status of Urban Population in Moradabad City

Dr. Shobha Gupta*

Introduction - Mineral intake is the most important factor affecting nutritional status of a community and it varies among people belonging to different economic status(1). Diversified dietary pattern and better mineral intake has been found in well to do population groups as compared to low income groups(2,3). Purchasing power or economic factors are one of the major factor influencing food consumption of people (4,5). The usual diet intake in India, may be classified as cereals, pulses, vegetables, fruits, milk and milk products and flesh foods (fish, meat and poultry)(6). Since all foods are not of same quality from a nutritional point of view, man's ability to meet his nutritional needs and maintain good health depends upon the type and quantity of food stuffs(7,8,9). For sustaining healthy and active life, diet should be planned on sound nutritional principles(10). Studies have shown that quantity and quality of food intake has been improved as income of people increased. Therefore, the present study was undertaken to study the dietary intake and food expenditure of urban families in relation to their income.

Subjects and Methods: Six colonies of Moradabad city were selected at random. A list of 61 families consisting of 385 individuals were selected. These families were then classified according to the income. The respondents were assured that information provided by them would be kept confidential. The food expenditure pattern of the families was evaluated from the record of quantity of food items consumed by them per month. The local prices were recorded to calculate total money soent on food purchased. The dietary survey was conducted by 24 hour recall method. One day's dietary intake of all the food items of families was recorded personally after questioning the respondent who was actually cooking and serving the food. The information regarding family members and guests who shared the meals, wastage and leftover was recorded.

The nutrient value of raw foods consumed by the members was calculated using Food Composition Table (11). Food and nutrient intake was compared with ICMR recommendations. Results were statistically analysed.

Result and Discussion: Food Expenditure Pattern, total money spent on diet ranged from rs 5000 to rs 30000 per family as given in table 1. The lower class families spent 80 percent of income on food whereas middle and high class families spent 37 and 20 percent of their income on food.

Income and Food: The daily intake of various food-stuffs per consumption unit is depicted in Table 2. The intake of cereals was inadequate as compared to suggested least cost balanced diet by ICMR(**10**) by all the icome groups. It was highest in lower income group and decreased as the income increased but not consistently. The average intake of all the food groups by the various income groups was adequate except for the low income group who was taking low amount of pulses, root and other vegetables than the values as suggested by least cost balanced diet. An inverse but non-significant correlation was found between income and the quantity of cereal consumed. A positive but non-significant correlation between income and pulses, green leafy vegetables, root vegetables, other vegetables and sugar & jiggery was obtained as given in Table 2.

The consumption of milk was adequate in all the income groups and was significantly correlated with the income. The intake of fats and oils was lower in all the income groups than the suggested values. However there was a positive correlation between the income and intake of fats and oils. The intake of meat, fish and eggs was nil by the lowest income group, however the intake increased as presented in Table 2.

Income and Nutrient: The average intake of energy and protein increased wirh the increase in income as given in table 3. The intake was found to be positively and significantly correlated with income. The overall energy intake was deficient in all the income groups whereas protein intake was adequate in respect of various income groups as compaired to recommended dietary intke of ICMR (10).

The intake of iron and calcium and magnesium by the various income groups was adequate as compared to its recommended dietary intake. There was a positive and highly significant correlation between income and calcium intake as depicted in Table 3. The intake of Zinc was lower than recommended by ICMR.

Table 1,2 & 3 (see in next page)

References:-

1. Cristiane h Sales et al : Inadequate dietary intake of minerals: prevalence and association with socio-

***Associate Professor (Chemistry) D.A.K. College, Moradabad (U.P.) INDIA**

demograghicand life style, British Journal of Nutrition 2017
2. Sen A. and Himanshu : Poverty and Inequality in India: Economic and Political weekly. Vol. 39 No. 38 2004 pp- 4247-4263
3. Atibudhi H.N. : A comparative analysis of food consumption and monthly percapita expenditure of Orrisa vis a vis all India. Indian Journal of Agriculture Economics. Vol. 61 No. 3. 2006 pp 309-316.
4. Deshmukh Tasker P.., Niklas T.A., Yang S.J.: Does food consumption vary by differences in socioeconomic, demographic and life style factors in young adults? The Bangladesh Heart Study. Journal of American Diet Association Vol 107 No. 2 2007 pp 223 – 234.
5. Radhakrishna R: Food consumption and nutritional status in India: Emerging Trends and perspectives. Indira Gandhi Institute of development Research, Mumbai, 2006 pp 1-18
6. Arun P : A study on Food consumption pattern by the consumers. International Research Journal of Engineering and Technology, Vol 07 Issue 04, 2012 pp 4205-4209
7. Chadha R and Mathur P : A text Book on Nutrition, A Lifecycle Approach. Published by Orient Blackswan Private Limited, New Delhi. 2015.
8. Hoddinot J. Measuring dietary diversity: A guide, Food and Nutrition Technical Assistance Academy for Educational Development. International Food policy Research Institute, Washington D C. 2002.
9. Vakili M, Abedi P, Shrifi M and Hosseini M: Diet Diversity and its Related Factors among Adolescents, A survey in Ahvaz-Iran. Global Jiurnal of Health Science Vol 5 No. 2 2013
10. ICMR Recommended Dietary Intakes for Indians published by ICMR. New Delhi 1981:52
11. Narsinga Rao BS, Deosthale YG and Pant KC, Nutrient composition of Indian Foods. National Institute of Nutrition ICMR, Hyderabad, 1989

Table 1- Income and Food expenditure incurred by families

Income group Rs	Average Income Rs	Expenditure on food Rs	% of income spent on food
5000	4000	3200.9	80.0
5001 - 10000	8120	5724.1	70.5
10001- 15000	13120	7192.2	54.8
15001-20000	18240	8795.2	48,2
20001- 30000	25280	9458.9	37.4
30001- above	47670	9947.5	20.1

Table 2- Daily intake of food items per CU according to income groups

Food groups	Income groups Rs 5000	5001-10000	10001-15000	15001-20000	20001-30000	30000-above	Average Intake	RDI
Cereals gm	468±32	381±26	392±20	389±36	338±27	334±22	384±27	520
Pulses gm	33±10	54±5	54±3	65±6	59±7	61±4	54±6	50
Green leafy veg. g	75±22	85±12	77±15	81±10	115±17	109±15	90±15	40
Root vegetables g	53±16	99±17	99±5	96±16	97±14	86±15	88±16	60
Other vegetables g	38±14	71±20	103±41	95±14	110±20	112±15	88±16	70
Fruits gm	12±3	29±4	31±3	70±6	65±3	126±3	56±3	-
Milk and milk products ml	321±40	375±29	403±26	528±46	467±29	505±30	433±33	200
fats and oils g	12±3	28±2	32±2	37±3	34±2	42±3	31±3	45
sugar & jiggery g	56±6	69±3	73±3	81±5	65±4	67±4	69±4	35
Meat,fish or egg	-	1.5±5	1.7±3	2.0±1	3.2±1	4.0±2	±	-
Nuts & oil seeds g	-	-	-	1±1	2±2	5±1	1.0±5	-

Table 3- Mean daily intake of nutrients per CU according to income groups

Nutrient	Income groups Rs 5000	5001-10000	10001-15000	15001-20000	20001-30000	30000-above	Average Intake	RDI
Energy Mj	10.±0.5	10.1±0.3	10.8±0.3	11.7±0.5	11.5±0.4	11.3±0.3	10.9±0.4	12.0
Protein gm	74±9	79±5	82±5	87±8	96±8	97±8	86±6	60
Iron mg	27±2	29±1	32±2	31±2	33±2	32±3	31±2	28
Calcium g	0.3±0.	0.3±0.1	0.4±0.1	0.4±0.2	0.5±0.1	0.5±0.2	0.4±0.1	0.4
Magnesium g	0.2±0.1	0.2±0.1	0.3±0.1	0.3±0.2	0,4±0.2	0.4±0.1	0.3±0.1	0.3
Zinc mg	13±1	13±1	14±2	14±2	14±2	15±2	14±2	15

****

कला एवं संगीत का अन्तरंग सम्बन्ध

डॉ. नीतू वशिष्ठ* नेहा गुप्ता**

प्रस्तावना – **'साहित्य संगीत कला विहिन:।।**
साक्षात पशुपुच्छ विपाणहीन:।।'[1]

'कलाओं की उत्पत्ति आदिम अवस्था में आत्मकाभिव्यक्ति, अलंकरणप्रियता, प्रकृति की शक्तियों की उपासना, कौतुहल तथा आनन्दानुभूति और अध्यात्मिकता आदि किसी एक या समस्त प्रवृत्तियों से हुई थी। आज के युग में यह निश्चित करना बहुत ही कठिन है कि इनमें कौन सी प्रवृत्ति सर्वप्रथम कला निर्माण में सहायक सिद्ध हुई केवल यही कहा जा सकता है कि आदिम मनुष्य आरम्भ में बहुत समय तक कलात्मक माध्यमों के प्रति सजग नही था, प्रकृति से संघर्ष करते हुए सभ्यता के विकास क्रम में मनुष्य ने सौन्दर्यानुभूत और आध्यात्मिकता के नये प्रतिमान स्थापित किये।

'कलाकार का सबसे बड़ा धर्म और जाति उसकी कला है और यह कला परम शक्ति के प्रति समर्पित होनी चाहिए क्योंकि संगीत एक ईश्वरीय देन है।'[2]

आदिम मनुष्य के पास प्रकृति की सबसे बड़ी देन उसका अपना शरीर था। इस माध्यम के विभिन्न अवयवों हाथ, पैर, कण्ठ, नेत्रों आदि को उसने भावाभिव्यक्ति में विशेष सक्षम पाया जिनसे क्रमश: अभिनय, नृत्य, साहित्य तथा संगीत आदि विभिन्न कलाओं का विकास हुआ।

मानव का इतिहास जितना प्राचीन है उतना ही कला का इतिहास, भारतीय चित्रकला हो या संगीत कला प्राचीन कला से लेकर वर्तमान तक विभिन्न रूपों में दृष्टिगत होती है। जोगीमारा, अजन्ता, बाघ, सित्तनवासल, एलोरा आदि के केन्द्र भारतीय चित्रकला इतिहास के स्वर्णिम पृष्ठ रहे हैं।

'मानव प्राचीन कला से ही अपनी अर्न्तात्मा की तृप्ति के लिए इस असीम सौन्दर्य का सृजन करता आया है। मनुष्य ने जिस समय प्रकृति की गोद में नेत्रोन्मिलन किया उस समय से ही उसने निर्माण के तारतम्भ्य से अपने जीवन को सुखी तथा समृद्ध बनाने की चेष्टा की और इस निर्माण के फलस्वरूप उसने ऐसी कृतियों का सृजन किया जो उसके जीवन को सुखद व सुचारू बना सके। यदि प्राचीन काल की कलाकृतियों का आज भी अध्ययन किया जाये तो अनुभव होता है कि मनुष्य को सौन्दर्य सृजन में असीम आनन्दानुभूति होती थी और इसी आनन्दानुभूति के लिए वह कला सृजन करता था।'[3]

'भारतीय परम्परा के अनुसार उन समस्त क्रियाओं को कला कहते हैं जिनमें कौशल अपेक्षित हो। यूरोपीय शास्त्रियों ने भी कला में कौशल को महत्वपूर्ण माना है। कला शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग शायद 'भरतमुनि के नाट्यशास्त्र में ही मिलता है। वात्स्यायन और उष्णीष ने भी अपने ग्रन्थ कामसूत्र और शुक्रनीति में इसका वर्णन किया है। शुक्रनीति में तो कहा भी गया है 'मूक भी जिसका रसास्वादन कर ले वही कला है।' [4]

'कला जीवन को 'सत्य शिवं सुन्दरम्' में समन्वित करती है। कला उस क्षितिज की भाँति है जिसका कोई ओर है ना छोर इतनी विशाल, इतनी विस्तृत, अनेकों विद्याओं को अपने में समेटे हुए। तभी तो कवि मन भी सहज ही कह उठा –

पत्थर में भी प्राण फूँक दे शिल्पी मेरे।
इन्द्रधनुष की छटा बिखेरे यहाँ चितेरे।।
धरती का श्रृंगार रंगोली से होता।
चरवाहा भी रसभीना संगीत बिखेरे।।[5]

पाषाण युग अर्थात आदिम कला से भी जो चित्र प्राप्त होते रहे हैं वे मात्र विधा नहीं है अपितु मानवता के विकासक्रम का एक निश्चित सोपान प्रस्तुत करते है। चित्रों के माध्यम से ही आखेट करने वाले आदिमानव ने न केवल अपने सवेगों को बल्कि रहस्यमयी प्रवृत्ति और जंगल के खूंखार प्रवासियों के विरूद्ध अपने अस्तित्व के लिए किये गये संघर्ष की कहानी को भी अभिव्यक्त किया है, दृष्टव्य है कि कलाकार प्राचीन काल में भी अपने भावों की अभिव्यक्ति हेतु कला सृजन का सहारा लेता था।

चित्रकला के साथ ही संगीत कला भी भावों की अभिव्यक्ति का एक सबल माध्यम है और देखा जाये तो एक दूसरे से परस्पर सम्बन्धित है। दोनों ही भावों की अभिव्यक्ति व अध्यात्म तक पहुँचने का माध्यम है। अध्यात्मवाद का मूल रूप आनन्द प्रदान करना है और आनन्द की प्राप्ति के माध्यमों में चित्रकला व संगीतकला का नाम सबसे अग्रणी है। हम भक्ति की जिस रस धारा में प्राचीन काल से आज तक बते आ रहे है वहाँ संगीत सर्वोपरि है। साहित्य व संगीत के बाद चित्रकला ही भावाभिव्यक्ति में प्रथम है।

संगीत दर्पण के लेखक श्री दामोदर पण्डित के मतानुसार संगीत का जन्म ब्रह्माजी से आरम्भ होता है। उन्होने लिखा है–

'दहिणेत यदन्विष्टं प्रयुक्तं भरते न च
महा देवस्य पुरतस्त–मार्गख्यं विभुक्तहम।।'[6]

सांस्कृतिक विरासत की दृष्टि से भारत की वित्रकला संस्कृति व संगीत संस्कृति समृद्ध व पौराणिक दृष्टि से वैभवशाली है। कहने की आवश्यकता ही नहीं है कि चित्रकला व संगीतकला हमारे देश की परम्परागत संस्कृति के अभिन्न अंग है जो कि मनुष्य के दिन प्रतिदिन की जीवनचर्या से उत्पन्न नीरसता को दूर कर जीवन में आनन्द व मनोरंजन का संचार करते हैं। इन विधाओं से हमारे देश की लोकतत्व की अभिव्यक्ति होती है। चित्रकला व संगीतकाला से भारत को अद्भुत सांस्कृतिक समन्य प्राप्त हुआ है तथा यह राष्ट्रीय एकता का सूचक है। अलग–अलग प्रान्तों की चित्रकला, लोकनृत्य

* एसोसिएट प्रोफेसर (चित्रकला विभाग) श्री कुन्द कुन्द जैन (पी0जी0) कालेज, खतौली, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) भारत
** प्रवक्ता (चित्रकला विभाग) श्री कुन्द कुन्द जैन (पी0जी0) कालेज, खतौली, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) भारत

व संगीत कलाओं का भारत में अनोखा संगम है। अत: हा जा सकता है कि चिकला व संगीत में इस देश की संस्कृति व जीवन के सजीव रंग हैं। भारतीय कला की अस्मितता को बनाये रखने के लिए कला व संगीत को संरक्षण प्रदान करना चाहिए। यद्यपि इन दोनों ही विधाओं पर पाश्चात्य संस्कृति की झलक देखने का मिलती है जो देश की सांस्कृतिक कला अस्मिता के लिए खतरा है।

'कला विभिन्न रसों से मिलकर ही बनी है जैसे – श्रृंगार रस, भक्ति रस, रौद्र रस, आध्यात्मिक रस, शांत रस इन सबको गायन के परिप्रेक्ष्य में अर्थात् संगीत के दृष्टिकोण से भाषा स्वर एवं ताल के द्वारा अभिव्यक्त किया गया है।'[7]

'प्राचीन काल की कलाओं का यदि हमस म्यक अध्ययन करते है तो पाते हैं कि कलाओं, विशेषकर चित्रकला व संगी कला के क्षेत्र में गुप्त काल में भी सराहनीय कार्य हुआ है। संगीत व कला में जितनी रूचि गुप्त सम्राटों को भी उतनी अन्य किसी काल के सम्राटों को नहीं रही। समुन्द्रगुप्त तो स्वयं बहुत बड़ा संगीत व कला प्रेमी राजा था। इस युग में संगीत कला में वीणा, वेणु तथा मृदंग प्रमुख वाद्य यंत्र थे। भास ने वीणा को समुद्र से निकला हुआ रत्न कहा है। वुणे की प्रशंसा में वात्स्यायन ने कहा है कि वेणु प्रियतमा को आकर्षित करने का मूल मंत्र है। रघुवंशम तथा शाकुन्तलम में तो अनेक स्थानों पर संगीत कला पर पर्याप्त प्रकाश डाला गया है। गुप्तकाल के शान्तिमय वातावरण में संगीत व चित्रकला दोनों ही विधाएँ अपने चरमोत्कर्ष पर थी।

संगीत कला को गुप्त काल में पर्याप्त संरक्षण प्राप्त हुआ तथा संगीत व चित्रकला दोनों विधाओं का यह युग स्वर्ण युग कहा गया। सामान्य रूप से दखने पर ऐसा विदित होता है कि भारतीय संगीत एक त्रिवेणी है। जिसमें एक ओर गायान वादन तथा नृत्य का संगम है तथा दूसरी ओर गायन में शास्त्रीय उपशास्त्रीय (सुगम) एवं लोक संगीत की त्रिवेणी का संगम है।'[8]

वास्तव में संगीत प्रकृति का एक अनुपम उपहार है संगीत कला जगत की सर्वोत्कृष्ट कृति हैं कला जगत का एक अभिन्न अंग है। संगीत ईश्वरीय वाणी है अत: यह ब्रह्म रूप ही है। वस्तुत: सम्पूर्ण संसार ही नादमय है। नाद से ही वर्ण, वर्ण से शब्द, शब्द से वाक्य तथा वाक्यों से ही भाषा उद्भूत होती है तथा इसी सृष्टि का व्यवहार चलता है अतएव सम्पूर्ण सृष्टि नाद के अधीन है।

आचार्य लालमणि मिश्र ने संगीत की परिभाषा देते हुए कहा है कि – **'संगीत जीवन के ताने बाने का वह धागा है जिसमें बिना जीवन सत चित का अंश होकर भी आनन्द रहित होता है तथा नीरस प्रतीत होता है यह न तो सामान्य शिक्षण व्यसन पूर्ति की वस्तु है और न ही कठिन परिश्रम की परिहारार्थ साधरण सा मनोरंजन मात्र।'[9]**

संस्कृति समाज का दर्पण होती है कला और संस्कृति को एक दूसरे से पृथक करके देखा ही नहीं जा सकता। कला सदैव संस्कृति को रूप प्रदान करती है और संस्कृति कला का प्राण तत्व है भारतीय संगीत और कला दोनों में हमारी संस्कृति के दर्शन होते है।

'भारतीय संगीत व चित्रकला दोनों ही मानव मन मं चेतना का संचार करते है। ये जन्मत: ही हमारे जीवन में बस जाते है। बचपन में ही लोरी के संगीत का बच्चा महसूस करता है और उसमें खो जाता है इसी तरह कला भी बालक को बचपन से ही प्रभावित करती हैं संगीत व कला दोनों ही विधाएँ एक अलौकिक शक्ति रखती है जो हँसते हुए व्यक्ति को रूलाने तथा रोते हुए व्यक्ति को हँसा देती है। प्रत्येक प्राणी के जीवन में संगीत व कला दोनों ही विधाएँ शरीर में आत्मा के समान विद्यमान है।'[10]

भारतीय संगीत सृष्टि का पूरक है। मानव जीवन का चरम लक्ष्य आत्मा से परमात्मा का साक्षात्कार माना गया है। संगीत तथा कुछ हद तक तक भी इस लक्ष्य की प्राप्ति का सर्वोत्तम साधन है। सभी धर्मो के आध्यात्म से संगीत पूर्णरूपेण जुड़ा हुआ है और कुछ धर्मो में कला भी। भारतीय संगीत का स्वरगंगा में अवगाहन करने से अपूर्व शान्ति का अनुभव होता है।

सृष्टि के कण–कण में सगीत विराजमान है यूँ कहें कि सृष्टि में ही संगीत का जन्म हुआ है और मानव जब सृष्टि में जन्म लेता है तो उसका सम्बन्ध जन्म से मृत्यु तक संगीत से बना रहता है।

'संगीत में मानसिक चित्र पर कलाकार अपनी अभिव्यक्ति के रंग भरता है। इसी प्रकार इन्हीं श्रृंगारिक भावों की यादें चित्रकार कैनवास पर उतारकर उनके हाथ–भाव, साक्षात् रूप में प्रस्तुत करता है, तब एक तृप्ति तथा आनन्द का भाव अलग ही दिखाई देता है। अर्थात् दोनों कलाओं को अनुभव करके आनन्द की प्राप्ति विभिन्न माध्यमों से की जा सकती है। तथा भावों को हम संगीत तथा चित्रकला दोनों कलाओं से प्रदर्शित कर सकते हैं।'[11]

'सम्पूर्ण कलाक्रम पर एक दृष्टि डाली जाये तो देखेंगे कि भारतीय कलाएँ उत्कृष्ट जीवन मूल्यों से अनुप्राणित रही है। ये कलाएँ मात्र मनोरंजन ही नहीं बल्कि लोक मंगल के लिए लोक जीवन में उल्लास का संचार करती है। भारतीय कलाओं का दर्शन 'सर्वे भवन्तु सुखिन:' पर आधारित है। यहाँ के संगीत, चित्रकला, नाट्यकला, मूर्तिकला आदि सभी ललित कलाओं में आध्यात्मिकता और भारतीय संवेदना की मूलभूत अभिव्यक्ति होती है।'[12]

'भारतीय कला साधना का चरम उद्देश्य आनन्द की प्राप्ति है। भारतीय कलाएँ चाहे वह चित्रकला हो अथवा संगीत प्रारम्भ से ही आध्यात्मिकता से जुड़ी हुई है और इसी की छाया में पल्लवित व पुष्पित होती रही है, उसके अंग प्रत्यंग पर आध्यात्मिकता की स्पष्ट छाप दिखाई देती है।

'संगीत बिना काव्य के भी जड़ चेतना को आकर्षित कर सकता है जबकि काव्य बिना संगीत के मननशील, प्रखर बुद्धि वाले तथा साहित्यिक वर्ग तक ही सीमित होकर रह जाता है। लेकिन संगीत अपनी गहनता सुक्ष्मता तथा माधुर्य के बल पर श्रेष्ठ है।'[13]

'आध्यात्मवाद का मूल आनन्द है और आनन्द की उपलब्धि का मूल संगीत व कला है। कला व संगीत दोनों का ही कार्य मानव की भावाभिव्यक्ति तथा आनन्द की प्राप्ति कराना है। इसका उच्चतम तथा अन्तिम लक्ष्य आत्मा का परमात्मा से साक्षात्कार है। कला व संगीत एक दूसरे से इस प्रकार जुडे हुए है जिस प्रकार ताने बाने के धागे एक दूसरे से जुड़े होते है तथा एक के बिना दूसरे का अस्तित्व नहीं होता है।'[14]

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:–

1. भारतीय चित्रकला व मूर्तिकला का इतिहास, रीता प्रताप।
2. संगीत का कला पथ और शिक्षा पथ, डॉ0 संगीता, संजय प्रकाशन नई दिल्ली, 2018, पृ0सं080
3. कला सौन्दर्य और समीक्षा शास्त्र – अशोक, संजय पब्लिकेशन्स, पृष्ठ सं0 119–120
4. डॉ0 शर्मा, डॉ0 श्रोत्रिय, चित्रण विधान एवं सामग्री, छवि प्रकाशन, मुजफ्फरनगर, 1988 (लेखकीय व्यक्तव्य)।
5. कला कुंज भारती, मार्च 2013 पृष्ठ सं0 13–14
6. भारतीय संगीत का इतिहास, उमेश जोशी, कल्पना प्रकाशन, दिल्ली,

2014, पृ028
7. चित्रकला और उसके अंत: अनुशासनिक सम्बन्ध, पं0 विष्णु नारायण भातखण्डे क्रमिक, पुस्तक मालिका–2, 2016, पृ0 110
8. भारतीय चित्रकला व मूर्तिकला का इतिहास, रीता प्रताप।
9. विनोद चन्द्र पाण्डे एवं के0 सिंह, प्राचीन भारत का राजनैतिक इतिहास, प्रकाशन केन्द्र न्यू बिल्डिंग्स, अमीनाबाद, लखनऊ, 1916, पृष्ठ सं0 158
10. कला कुंज भारती, मार्च 2013, पृष्ठ सं0 13–14
11. स्वरार्पण , डॉ0 पूर्वी निमगांवकर, 2012, पृ0सं0 32
12. रोमिला थापर, प्राचीन भारत, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, 1987, पृष्ठ सं0 95
13. अवधी ग्रन्थावली खण्ड तीन, जगदीश पीयूष, वाणी प्रकाशन, 2008, पृ0सं0 37
14. कला कुंज भारती, ललित कला, अंक फरवरी 2005, पृष्ठ सं0 17

****

मैत्रेयी पुष्पा के उपन्यास 'चाक' में अभिव्यक्त नारी-चेतना

रंजीता राय* अमित कुमार **

प्रस्तावना – मैत्रेयी पुष्पा ने अपने स्त्री पात्रों के माध्यम से ग्रामीण जीवन के कटु संघर्ष एवं यथार्थ का रहस्योद्घाटन किया है। मैत्रेयी पुष्पा के उपन्यासों में बुंदेलखण्ड के ग्रामीण जीवन का संघर्ष लोकमंगल की रंगत लिये हुए उभरता है। मैत्रेयी पुष्पा एक ऐसी साहित्यकार हैं जिन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से स्त्री की मानसिकता को परिवर्तित करने एवं उसे एक नयी दिशा प्रदान करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

परमानन्द श्रीवास्तव के अनुसार- 'मैत्रेयी में मानवीय मूल्यों की सघन अन्तरंगता और सम्लणधों की जटिलता को चित्रित करने की अनोखी क्षमता मौजूद है।'

मैत्रेयी जी के उपन्यास में नारी चेतना एक मानवीय दृष्टि है जो स्त्री पुरूष का भेद मिटाकर दोनों में प्रतिष्ठा लाने की बात करता है वे नारी को अपने अधिकरों को जानने के साथ ही अबला नारी नहीं बल्कि सबला बनकर स्वयं समाज का नेतृत्व करने की बात करती हैं।

मैत्रेयी जी के 'चाक' उपन्यास के बारे में राजेन्द्र यादव का कथन है- '' 'चाक' सामंती समाज के भीतर व्याप्त हिंसा और स्वार्थों के टकराहट की प्रमाणिक कहानी है। इस समाज का ताना-बाना हिंसा और सेक्स से बना हुआ है। मैत्रेयी इन दोनों को एक ही कथाकार की निगाह से पात्रों के आचार-विचार और सोच के रूप में प्रभावशाली ढंग से पकड़ती है। 'चाक' में बिना बड़बोलेपन के उन्होंने गाँव की स्त्री की जिस चेतना का विकास किया है वह उपन्यासदकला पर उनकी पकड़ को रेखांकित करता है।''

'चाक' उपन्यास एक नारी ग्राम कथा है। गाँव की समस्या पर शहरी मध्यवर्ग की दृष्टि से काल्पनिक समाधान प्रस्तुत करने वाला यह एक प्रयोगकारी उपन्यास है।'चाक' स्त्री-पात्रों का एक सजीव संग्रहालय है यह एक ऐसा आख्यान है जिसमें स्त्री-पात्रों की आवृत्ति न होकर विशिष्ट किस्म के नारी-पात्रों की विविधता है और अलग-अलग प्रकार के सामाजिक प्रसंगों में उनकी भूमिकायें भी अलग-अलग किस्म की हैं। अर्थात चरित्र-निर्माण में बहुरंगी वैविध्य के कारण यह उपन्यास बार-बार नये सिरे से गम्भीर विवेचन की चुनौती पेश करता है। मैत्रेयी पुष्पा ने ग्रामीण परिवेश के घटनापूर्ण परिवेश प्रस्तुत किया है और बताया है कि अतरपुर गाँव की अधिकांश स्त्रियॉ अनपढ़ हैं जो पढ़ी-लिखी हैं, वे भी गोबर-पानी के काम में खपकर अपनी विद्या भूल चुकी हैं।

उपन्यास की कथा का मुख्य केन्द्र इन्ही स्त्री-पात्रों में से एक सारंग नैनी है, जिसके इर्द-गिर्द सम्पूर्ण आख्यान का ताना-बाना बुना गया है। यह एक ऐसी लड़की रही है जो आर्य समाजियों द्वारा स्थापित गुरूकुल कन्या विद्यालय के आश्रम (छात्रावास) में रहकर ग्यारहवीं कक्षा तक शिक्षा पा चुकी है। भारतीय संस्कृति, स्त्री-मर्यादा और नैतिक पाखंड के प्रवचनों की असलियत से वह परिचित है। गुरूकुल के वातावरण में रोज व रोज होने वाली यौन संबंधों के हादसे भी उसकी स्मृति को आछन्न किये हुए हैं। तभी से वह यह भी जानती है कि ऐसे संबंधों के भांडाफोड़ के बाद सारा दण्ड स्त्री को ही दिया जाता है। वह स्वयं इन घटनाओं के बीच एक छोटे-मोटे संघर्ष की अगुवाई भी कर चुकी है। चाक उपन्यास में सारंग की छोटी फुफेरी बहन रेशम की हत्या उसके जेठ डोरिया द्वारा कर दी जाती है यह घटना सारंग को भीतर ही भीतर खूब सालती है। वह इस घटना से दुरूखी है और अपने पति रंजीत, जो पढ़ा-लिखा अनुभवी किसान है, से कहती है- तुम जागो रंजीत ! उठो ! तुम्हारे शिवा मेरा कौन--------।'

वह रात-रात भर जब रेशम को याद करती है तो वह सो नहीं पाती क्योंकि रेशम की जन्म- जन्मांतरों की 'जीने की इच्छा कुचल' दी गयी। क्यों? क्योंकि उसने निडरता प्रदर्शित की। क्यों ? क्यों कि वह अपने ऊपर भरोसा कर बैठी ? यह सब प्रश्न सांरग के मन को बार-बार परेशान करते हैं। नया इतिहास लिखने के लिए नया प्रश्न उठाना जरूरी है। रेशम की हत्या के बाद सारंग प्रश्न उठाती है-

'तमाम बूढ़े-बड़े गुमसुम क्यों रह गये ? इनकी जिह्वा क्यों लकड़ा गयी? ये पुरुष द महापुरुष शाबासी के पात्र हैं या धिक्कार के ? इनकी लाज-लिहाज हम क्यों करते हैं ? हमें ऐसा लगता है कि सांरग के रूप में महाभारत की द्रोपदी बोल रही है। 20 वीं शती के उत्तराई में आठवें या नौवें दशक में विकास, प्रगति, परिवर्तन एवं तमाम मानवीय सरोकारों की दुहाई देने वाली लोकतांत्रिक व्यवस्था की ऑखों के सामने जिंदा रहने का मौलिक अधिकार रेशम से छीन लिया गया। सारा गॉव चुप सारी स्त्रियॉ चुप। किसी ने 'भाग' को सराहा। किसी ने करम की दुहाई दी। रेशम के बध को चुपचाप पचा जाने वाले 'अपने संरक्षकों' की भूमिका देखकर सारंग की चेतना करवट लेती है। विफरते हुए कहती है-

दादी, तुम भी चंदना वाला गीत गाना छोड़ दो या उस गीतकथा का अंत..... ?

'चाक' उपन्यास में अतरपुर गॉव बड़ा नहीं। कुल आबादी एक हजार। ब्राम्हण, बनिया, जाट जैसी ऊॅची कही जाने वाली कौमे हैं तेली, कुम्हार, गड़रिया, खिटिक, चमार और नाई जैसी छोटी जातियॉ भी हैं। सक्का मुसलमान भी हैं। सन् 1980-90 तक आते-आते अतरपुर में विकास का मूर्तिमान रुप दिखाई दिया। इस उपन्यास में स्त्री स्वातन्त्रय के साथ-साथ एक अन्य पक्ष पर भी चर्चा हुई है वह है स्त्री का राजनीति के क्षेत्र में योगदान।

चुनाव नजदीक आने पर गॉव का समीकरण बदल जाता है। गॉव का

* शोध छात्रा, डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ.प्र.) भारत
** शोध निर्देशक-एसो0 प्रो0, जे0एल0एम0पी0जी0 कॉलेज, बाराबंकी (उ.प्र.) भारत

प्रधान भ्रष्ट तथा गुंडा तत्वों के साथ मिलकर एक प्रकार से वास्तविक शक्ति का केन्द्र बन जाता है। गॉव में बच्चों को पढ़ाने वाला श्रीधर मास्टर सारंग की ऑखों का अनकहा दर्द पहचानकर उसे समझाता है–

'जब घर–परिवार में औरत का दखल हो सकता है तो राजकाज में क्यो नहीं ? तुम पढ़ी–लिखी हो, खूब जानती हो हमारे संविधान में औरतों को बराबरी का दर्जा मिला है। xxxxxxxxxxxxxx'

इसी तरह के अन्य अनेक जटिल घटनाक्रमों के बीच प्रधान पद के लिए सारंग का परचा भरना तमाम दकियानूस और भ्रष्ट ताकतों के विरुद्ध एक चुनौती के समान है। लेखिका ने इस जटिल यथार्थ को सम्पूर्ण विम्ब में सॅभाल एक नयी दिशा, भविष्य की सकारात्मक शक्ति के रुप में सारंग के चुनाव लड़ने के फैसले को प्रस्तुत करती है। यह एक ऐसी परिस्थिति है, जिसमें नकारात्क यथार्थ को पलटने वाली शक्ति के रूप में सारंग आशा का केन्द्र बन जाती है।

गॉव में उभर रहे यथार्थ के अर्न्तविरोधी पक्षों की पृष्ठभूमि में यदि ठीक से पड़ताल करें तो पता चलेगा कि सारंग नारीवादी आग्रहों में गढ़ी हुई कोई फार्मूला नही है वह लेखिका की मनगढ़ंत उड़ान के अनुसार ढ़ली कोई कठपुतली भी नहीं है।

'चॉक' में स्त्रियों की जिजीविषा के संघर्ष को उनके आर्तनाद में केवल स्त्रियॉ ही नहीं सुनती और समझती हैं बल्कि अन्य अनके लोग भी शामिल हैं। मनोहर के बहू की दर्दनाक हालत पर श्रीधर की यह टिप्पणी उल्लेखनीय है कि–

'जिरौली वाली की यातना व्यर्थ नहीं जायेगी। लपटें भी उठेंगी, जो छीन लेंगी अपने हक को।'

उपन्यास के प्रारम्भ में छपी रेड इंडियन कवयित्री ज्वाय हार्जी की कविता के उद्धरण को इस उपन्यास की प्रस्तावना के रूप में लेना अनुचित न होगा–

'मैं मुक्त करती हूँ तुम्हे
मेरे सुन्दर भीषण भय
मैं मुक्त करती हूँ तुम्हे, तुम थे
मेरे प्रिय और मेरे घृणित जुड़वाँ, पर
अब नहीं पहचानती तुम्हे, जैसे कि
खुद को।'

यह उपन्यास एक स्वस्थ जीवन दृष्टि विकसित करता है जिसमें कुछ दृढ़निश्चियी, लगनशील तथा संघर्षशीलता के दर्शन होते हैं। मैत्रेयी जी स्त्रियों को आत्मनिर्भर तथा समाज में विशिष्ट स्थान दिलाने का प्रयास करती हैं। स्त्री जीवन के सभी पक्षों को मैत्रेयी जी ने उजागर किया है चाहे उसकी सामाजिक, राजनैतिक या आर्थिक स्थिति हो, कोई भी पक्ष अछूता नही रहा सभी उनके नारी चेतना के केन्द्र में समाहित है। मैत्रेयी पुष्पा का यह उपन्यास इन नई धारा की एक अनिवार्य कड़ी है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. विजय बहादुर सिंह– मैत्रेयी पुष्पा: स्त्री होने की कथा, नई दिल्ली, किताब घर प्रकाशन संस्करण, 2016
2. चाक– मैत्रेयी पुष्पा: राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली–110002
3. वही पृ0– 88, 92
4. वही पृ0– 14
5. वही पृ0–400
6. हिन्दी उपन्यास का इतिहास– गोपाल राय

****

Parents Intervention to Help Their Mentally Disabled Children

Dr. Mani Bansal*

5. कला-दीर्घा : अप्रैल 2001, वर्ष-1, अंक-2, पृ0 80.
6. कला-चित्रकला : विनोद भारद्धाज : पृ0 40.
7. कला दीर्घा : वाल्यूम-3, नं0 6, अप्रैल 2003, पृ0 31.
8. समकालीन भारतीय कला : डॉ0 ममता चतुर्वेदी : पृ0 131.
9. www.artindia.net/johny/art 5.html
10. कला दीर्घा : अप्रैल 2001 वर्श -1, अंक-2, पृ0 80.
11. कला-चित्रकला : विनोद भारद्धाज : पृ0 38-39.
12. www.artindia.net/johny/art 5.html
13. Telegraphindia.com/1050108/asp/weekend/story. 4226003.asp
14. www.artindia.net/johny/art 5.html
15. कला दीर्घा : वाल्यूम-3, नं0 6, अप्रैल 2003, पृ0 77.
16. कला-चित्रकला : विनोद भारद्धाज : पृ0 39.

17. कला दीर्घा : वाल्यूम–3, नं0 6, अप्रैल 2003, पृ0 32.
18. वही : पृ0 76.
19. वही : पृ0 32.
20. Telegraphindia.com/1050108/asp/weekend/story. 4226003.asp
21. Telegraphindia.com/1050108/asp/weekend/story. 4226003.asp
22. वही
23. वही
24. वही
25. वही
26. वही।

****

On Some Properties of Metric F - Structure Satisfying $F^5 + F = 0$

Lakhan Singh*

Abstract - In this paper we have studied various properties of the F – Structure satisfying $F^5 + F = 0$. The metric F-Structure, *f* induced on each integral manifold of tangent bundle *l** have also been discussed.
Keywords - Differentiable manifold, projection operators, tangent bundle and Metric.

1. Introduction : Let V_n be a differentiable manifold of class C^∞ and F be a (1, 1) tensor of class C^∞ defined on V_n such that

(1.1) $F^5 + F = 0$

We define the projection operators l and m on V_n by

(1.2) $l = -F^4$, $m = I + F^4$

from (1.1) and (1.2) ,we have

(1.3) $l + m = I$, $l^2 = l$, $m^2 = m$, $lm = ml = 0$,
$Fl = lF = F$, $Fm = mF = 0$

Where I denotes the identity operator.

Theorem (1.1) :If rank((F)) = n then

(1.4) $l = I$, $m = 0$

Proof : from the fact

(1.5) rank((F)) +nulity((F)) = dim V_n = n

Thus

(1.6) nulity((F)) = 0 =>ker((F)) = 0

Thus

$FX = 0 \Rightarrow X = 0$

Then $FX_1 = FX_2$

$F(X_1 - X_2) = 0$

$X_1 = X_2$ or F is 1-1

Moreover V_n being finite dimensional F is onto also F is invertible operating F^{-1} on $Fl = F$ and mF = 0 , we get (1.4)

Theorem (1.2): if rank((F)) = n-1 then

(1.7) l = I - A⊗T , m = A⊗ T, AoF = 0 , FT = 0

PROOF: from (1.1)

(1.8) $F(F^4 + I) = 0$

(1.9) let $F^4 + I = A \otimes T$

From (1.8) and (1.9)

(1.10) $FT = 0$

Also from (1.2) and (1.9)

$l = -F^4 = I - A \otimes T$

$m = -F^4 + I = A \otimes T$

from (1.5) and (1.6)

$F^4X + X = A\ X\ T$

$F^4X + FX = A(FX)T$

$0 = A(FX)T$

Thus AoF = 0

Theorem (1.3) : let the operators m & F satisfying

(1.11) $m^2 = m$, $Fm = mF = 0$, $(m + F^2)(m - F^2) = I$

Then we get (1.1)

Proof : from $(m + F^2)(m - F^2) = I$

$m^2 - mF^2 + F^2m - F^4 = I$

$m - 0 + 0 - F^4 = I$

$mF - F^5 = F$

$F^2 + F = 0$

2. Metric F – Structure

if we define

(2.1) ‘F (X, Y) = g (FX, Y) is skew-symmetric, then

(2.2) g (FX, Y) = -g (X, FY) and

Theorem (3.1) : on the metric structure – F , satisfying (1.1) we have

(2.3) $g(F^2X, F^2Y) = -g(X, Y) + {}'m(X, Y)$, where

(2.4) ‘m (X, Y) = g (mX, Y) = g (X, mY)

Proof : Using (1.2), (1.3), and (2.2) , we have

$g(F^2X, F^2Y) = g(X, F^4Y)$
$= g(X, -lY)$
$= -g(X, lY)$
$= -g(X, (I - m)Y)$
$= -g(X, Y) + g(X, mY)$
$= -g(X, Y) + {}'m(X, Y)$

Theorem (2.2) :{ F , g } is not unique

Proof :

(2.6) let $\mu F' = F\mu$, $'g(X,Y) = g(\mu X, \mu Y)$

Then from (1.1) and (1.2), (1.3), (2.6)

(2.7) $\mu F'^5 = F^5\mu = -F\mu = \mu F'$ or

(2.8) $F'^5 + F' = 0$. Also

(2.9) $g(F'^2X, F'^2Y) = g(\mu F'^2X, \mu F'^2Y)$
$= g(F^2\mu X, F^2\mu Y)$
$= -g(\mu X, F^4\mu Y)$
$= -g(\mu X, -\mu Y)$
$= -g(\mu X, -(I - m)\mu Y)$
$= -g(\mu X, \mu Y) + g(\mu X, m\mu Y)$
$= -{}'g(X, Y) + {}'m(X, Y)$

3. Induced structure *f* :

*Department of Mathematics, D.J. College, Baraut, Baghpat (U.P.) INDIA

Define (3.1) $fX' = FX'$ for $X' \in l^*$

Theorem (3.1) : If $f$satisfying (3.1) and F (1.1) then $\{ f^2\}$ is an almost complex structure.

Proof :from (1.2), (1.3) and (3.1)

(3.2) $f^4lX' = F^4lX'$

$= -l^2X'$

$= -lX$

Thus$\{ f^2\}$ as an almost complex structure on l^*

Also

(3.3) $\mu l' = - \mu F'^4$

$= - F^4\mu$

$= l\mu$

(3.4) $\mu m' = \mu(I + F'^4)$

$= \mu+\mu F'^4$

$= \mu + F^4\mu$

$= (I + F^4)\mu$

$= m\mu$

References:-

1. Bejancu , A, CR-submanifolds of a Kaehler Manifold I, proc. Amer. Math. Soc ., 69,135-143(1978).
2. Demetropoulou-Psomopoulou, D. and Andreou, F. Gouli, On Necessary and sufficient conditions for an N- Dimensional Manifold to admit a Tensor Field f($\neq$0) of type (1,1) satisfying) $f^{2v+3} + f = 0$ Tensor (N.S.), 42,252-257(1985)
3. Blair, D.E. and Chen , B.Y., On CR- submanifolds of Hermitian Manifolds . Israel Journal of Mathematics ,34(4),353-363(1979).
4. Goldberg, S.I. and Yano,K., On normal globally framed f- manifolds . Tohoku Math., I. 22,362-370(1970).
5. Goldberg, S.I., On the Existance of Manifold with an F-structure . Tensor (N.S.),26,323-329(1972).
6. Upadhyay, M.D. and Gupta, V.C. Integrability conditions of a structure $f_{\ddot{e}}$satisfying $f^3 + \ddot{e}^2 f = 0$, publications mathematics , 24(3-4),249-255(1977).
7. Yano, K., On structure defined by a tensor Reid f of type (1,1) satisfying $f^3 + f = 0$, Tensor (N.S.) 14,99-109(1963)
8. Yano, K. and Kon, M., Differential geometry of CR-submanifolds ,Geometriate Dedicala.10, 369-391(1981).
9. Das , L.S., Nivas, R. and Singh , A. On CR-structures and F-structures satisfying $F^{4n} + F^{4n-1}$ …….+ $F^2 + F = 0$, Tesor N.S.70.255-260(2008).
10. Das , L.S., On CR-structure and F(2K+1.1)- structure satisfying $F^{2k+1} + F = 0$, JTSI, India. 22,1-7(2004).

****

Environmental Sustainability and Public Policy in India

Dr. Archana Singh*

Abstract - The international organization, developed countries and developing countries are concerned for environment protection and development process in 21st century. UN millennium goals clearly target to reduce poverty, hunger disease, illiteracy, environmental degradation, the paper is focused on public policy formulation and implementation related to environmental sustainability.

Introduction - The 2030 Agenda for sustainable development, adopted by all united nations number states in 2015, provides a shared blueprint for peace and prosperity for people and the planet, now and into the future. At its heart are the 17 sustainable development goals (SDGs) which are an urgent call for action by all countries developed and developing in a global partnership. They recognize that ending poverty and other deprivations must go hand in hand with strategies that improve health and education, reduce inequality and spar economic growth all while talking climate change and working to preserve our oceans and forests.

When the discussion on environmental sustainability it argued that the impact of uncontrolled human interactions with natural subsystems may jeopardize these symbiotic relationship, thus leading to genuine ecological crises. Such ecological crises may imply the necessity to emphasize the importance at brining human development into harmony with the natural environment without jeopardizing the welfare of current and future generations.

"Gandhi is reported to have observed that the world has enough for everyone's but not for everyone's greed". This argument clearly indicate to the concept of sustainable development. The central rationale for SD has been to increase the standard of living and in particular, the well-being of the least advantaged people in societies, avoiding UN compensated future costs sustainable development highlights the importance of the sustainability of ecological and social systems rather than economic sustainability also. It is also defined a development that improves health care, education and social well being. Given the global and local effects of environmental decay, it is no surprise that sustainable development has become a catch word in development planning and resource management. However interpretation of this concept is still ambiguous. According to the Brundtland Report, the idea of sustainable development reaches for beyond environmental protection, as it means a process of change in which exploitation of resource, direction of investments, orientation of resources, direction of investments, orientations of technological development and institutional changes are made consistent with future as well as present needs. It is not a fixed state of harmony but rather balanced and adoptive process of change.

It also follows that the goal of SD can only be achieved by making changes in the present political, economic and technological system at the global level and by making major changes in the management of planet earth. There is a need to evolve a new global psychology a fresh way of thinking about both political and economic change and society's relationship with nature.

The threshold of the new millennium has furnished us with a good occasion to refleet upon and evaluate India's experiences in administrative development toward its pursuit of good governance and ponder over the likely emerging trends and the lessions learned for the future. Reflecting on the realities of the Public Administration System in India over the last half century is not a simple exercise for India is a complex society composed of diverse languages, social systems, ethnic, tribal and caste groups, religious, regions and culture patterns of the masses and public functionaries at all levels. All those factors affect the idea of rationalism in administrative behavior it is very difficult to objectively evaluate their impact on governance. Since independence in 1947, the government of India has taken a number of steps to revamp the system of administration at different stages of its evolution with a view to secure objectivity, transparency, efficiency and responsiveness in the administrative process the basic ingredients of good governance in a democratic system based on the concepts of the rule of law and the public welfare. As it appears, the search for the exclusive goal of good governance India has been concurrent with the evolution of a constitutional democratic government, a government that is limited, stable and truly representative of majority of the people, maintains its territorial integrity and national sovereignty, accelerates economic growth and development, upholds the rule of law and renders justice

*Associate Professor (Political Science) MMH College, Ghaziabad (U.P.) INDIA

without fear or favor and with our delay and ensures the welfare of all sections of the people. These objectives were sought through the adoption of the Republican constitution in 1950. Despite of lofty ideals and values of good governance enshrined in the constitution however we find over selves today in a state in which the system has not been able to provide either a stable government or stable policies what has gone wrong in our constitutinaland administrative system during the last fifty years is a question being raised again and again without any satisfactory answer.

When we analyze this fact we can't ignore the whole process of public policy. Public policy is the chief instrument of a politically organized community, the entire process involving/ concerning public policy needs to be discerned primarily from two dominant angles from the input side the articultion of needs and interests and finally the factors determining the choice activity have to be looked at from the output side a distributed analyses has to be undertaken in that impact of the policy has to be assessed. This bring out two major dimensions to public policy making. It is an instrument of effective control over the environment in that it harbours the potential to create. "Apocalyptic social transformation". The other dimension is the it derives the normative on which it is based from the environment public policy thus both procures and imparts values from to the environment. It is the chief instrumentality by which the impact throughput and output activity is preformatted.

When we talk about India, policy making in India has to take place in context of a complex and variegated society. This has its own fundamentals its own Compulsions and own inner dynamics. The ambitious goals set for society have put it in state of flux and chanae. The goals of national reconstruction, including abolition of poverty have led to rising expectations and generated the need for rapid and orderly change.

The policy making process in India has same major problem areas for governance and administration.

It is unfortunate but true that Government and administration have lost a great deal at their credibility. The most vital task is to restore it. The existence of a dual system of values on the part of the Political and administrative elites In India who have the basic responsibility of implementing the system in their public pronouncements and external behavior, the are highly idealistic and show deep concern for integrity equity and justice the prime value of good aovernance:

In practice, however when its comes to actual decision making and its implementation, the same political and administrative elites are vulnerable to all kinds of narrow prejudices bias sand pressure of cast community or religious political compromises in order to continue to remain in power by all possible mans fair or dubious.

Lack at awareness among people to protect our environment.

Unwillingness to pay attention to their duties.

The general decline in standards of behaviors and conduct of mutual relations has been more prominent in the floors of our legislatures.

Lack of participatory management In implementation of policies. On top of everything else the burecracy in India is cold slow and some what in human in dealing with the complaints of it citizens. Lack of team sprit and coordination among policy-making and implementing agencies.

Corruption it another major problem to achieve the goals of development policies.

Legislative measures and Administrative action taken to protect and improve environment in India: India is one of the few courtiers of the world that have specific reference In their constituents to the needs for environments protection and improvement article 48 A (inserted after the 42nd Amendment Act in 1976) and article 51 A of the Indian Constitution lay down the following duties for the state and the citizen. The state shall endeavor to project and improved the environment and to safeguard the forests and wildlife of the duty of every citizen of Indian to protect and improve the natural environment including. Forest Lakes River and wildlife and to have compassion for living creatures (Article51A). Legislative measures.

The Directive principles (Article 48 and 51 A) of the Indian constitution and Indian Development policy of the Government of India have provided a strong basic of enactment of legislative measures. For the protection of environment resources several lawes have been enacted from time to time that directly or indirectly relate to environment protection and improvement among the more resent ones are: I. Insecticides Act 1968 II. WILDLIFE (Protection Act 1972 III. Water Prevention cesee Act 1977 V. Forest conversion Act 1980, 1988 2003, VI Air (Prevention and control of pollution Act 1981 VII. Environment Protection Act 1986 VIII. Public Liability insurance Act 1991, the national Environment appellate authority 1997 and the National Environment Tribunal Act 1995.

Intuitional Measures: Department of Environment: The Government of Indian set up a Department of Environment on 1 November 1980. This department was integrated into the ministry of Environment and forest in 1985 at the center.

Pollution Control Board: National waste lands Development Board and NATIONAL land waste lands Development council was set up in 1986. A central Ganga Authority was constituted in 1985 to guide and over the implementation of a programmer for restorinh the quality of the river.

Indian Board for wildlife was set up In 1952 with the objective of managing zoos.

Environment information system was set up in 1982 as a decentralized system.

Environment impact assessment: The ministry of Environment and forest has been assigned the responsibility to appraisal of project with regard to their Environment implications. Based on Environment impact assessment and issue arising there to decision are taken by the

competent authorities in respect of project including selection of sites.

Pollution Monitoring And Control: The water and air acts are implemented through the central pollution control board and the State pollution boards. In addition two hundred ninety air quality monitoring stations and one hundred seventy-three coastal monitoring stations have been set up. Under the environment protection act, 1986.

Control Of Harardous Substances: The environment (Protection Act) 1986, provides for laying down procedures and safeguar s for the handling of hazardour substances and prevention and control of accidents.

Biosphere Reserves Programme: Biosphere reserves are intnded to preserve genetic diversity In representation eco-systems and provide for conservation of plants animals and micro-organisms. Thirteen biogeographically zones in the country have been identified for establishing biosphere reserves. So far seven of them have been set up in the country-Nilgire, Nandadevi, Nokrek, Great Nicobar, Golf of Mannar, Manas and Sunder bans.

To achieve the goal of sustainable development these major steps have to be taken by Government and administration :

Government may adopt more participatory approach. More and more people including political, social and academic thinkers and policy makes are inclined to agree that voluntary association, non governmental initiatives and decentralized, democratic institutions provide important alternatives and supplementing means to state action for empowering the citizen.

Corruption is an important dimension to investigation in the context of public policy formation and implementation. To more effective result, corruption should be controlled by National and International level.

Advanced Technology brought out new era in field of good governance. E-government implies interface between government and citizen.

More accountability and result orientation requires in administration and government level.

In new Global era both private and public sector need more coordination. 6. More Gender sensitized attitude require

Conclusion: In conclusion, it should be remembered that for achieving the new challenge of sustainable development participatory public policy and good governance are essential. The India experience has been that while we have recorded economics gains we have generally failed to manage, protect and improve our environment while trading the paths which we thought lead us to greater progress we have caused degradation, despoliation and degeneration. We must refrace our steps and curve out a more sensible path, a path that would lead not to a continuing confrontation with nature which can be truly disastrous but a greater balance and partnership with it. We must aim at sustainable development has equity as an essential ingredient.

References:-

1. Bhambhri, C. P. “Globlization India Nation, State and Democracy”, Shipra Publications, Delhi, 2005
2. Jain R. B., “Public Administration in India, 21st Centuary Challenges for Good Governance”, Deep & Deep Publication Pvt. Ltd., New Delhi-110002
3. Kothari Ashish, “Is Sustainable Development Desirable and Possible? “The Indian Journal of Public Administration, Vol. xxxix, No.3 July-September 1993
4. Michael Reddeft, “Sustainable Development”, London, 1987
5. Sapru, R. K., “Development Administration” Strling Publishers Pvt. Ltd., New Delhi, 2002

****

महिला सशक्तिकरण और भारत में महिलाओं की शैक्षणिक स्थिति एक समाजशास्त्रीय अध्ययन

डॉ. नीरजा शर्मा*

शोध सारांश – शिक्षा राष्ट्र निर्माण की आवश्यक कडी है यह समाज के लोगों में नैतिक मूल्य एवं राष्ट्रवाद का विकास करती है। ऐसे में राष्ट्र के प्रत्येक प्राणी को शिक्षित करना आवश्यक ही नहीं बल्कि अनिवार्य भी है। राष्ट्र निर्माण में महिला केन्द्रीय भूमिका निभाती है, माता के रूप में नारी प्रथम गुरू होती है जब एक पुरूष शिक्षित होता है, एक व्यक्ति शिक्षित होता है। ऐसे में हमारे समाज में आधी आबादी कहे जाने वाली स्त्री की शिक्षा की स्थिति उत्साहवर्द्धक नहीं है। वैदिक काल में नारी का स्थान बहुत सम्मानजनक था कलांतर में नारी की स्थिति ह्रास हुआ। आधी आबादी के बाद ऐसा सोचा गया था कि भारतीय नारी एक नई हवा में सांस लेगी तथा शोषण और उत्पीड़न से मुक्त होगी पर ऐसा नहीं हुआ। तदुपरांत आधुनिक भारत में महिलाओं की शिक्षा के लिए अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। प्रारंभ में महिला को शिक्षा देने का उद्देश्य परिवार, समाज एवं राष्ट्र का विकास होता है किन्तु जब महिला स्वयं के प्रति भी संवेदनशील होकर समानता एवं न्याय की गुहार करने लगती है जो इसका विरोध होने लगता है।

प्रस्तावना – शिक्षा मनोवैज्ञानिक एवं सामाजिक पहलुओं पर आधारित है। यह समाज विशेष की काल एवं परिस्थितियों के अनुसार महिलाओं को प्रोत्साहित एवं हतोत्साहित करती है। यह सर्वविदित तथ्य है कि शिक्षा महिलाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास में सहायक रही है। यह उन्हें समाज की नकारात्मक प्रवृतियों जैसे जाति, वर्ग, धर्म एवं संस्कृतिक आदि के प्रति एक नवीन सोच देती है।

शिक्षा जीवन के प्रति वैज्ञानिक दृष्टि कोण का विकास करती है। इससे महिलाओं में आत्मविकास का संचार होता है। यह महिलाओं को अपने प्रति होने वाले व्यवहार एवं लिंगात्मक न्याय व समानता की भावना के प्रति संवेदनशीलता उत्पन्न करती है। शिक्षित महिला सशक्त होकर अपने अधिकारों और परिवार में समान साझेदारी के प्रति सजग हो जाती है। इसलिये परिवार एवं समाज के विकास के लिए महिला शिक्षा अत्यधिक आवश्यक है। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए महिला शिक्षा का भारतीय सामाजिक एवं धार्मिक आंदोलन के दौरान कई महानुभावों ने समर्थन दिया। राजा राममोहन राय ने 1930 में कहा था कि–

'महिला अशिक्षा के कारण निम्न सामाजिक स्थिति का निर्माण होता है।' अस्तु बाल–विवाह, सती–प्रथा जैसी सामाजिक बुराईयों के प्रति जागरूकता लाने के लिए शिक्षा ने महती भूमिका का निर्वाह किया। इसके अलावा ईश्वचंद विद्यासागर, एम.जी. रानाड़े और अन्य समाज सुधारकों ने महिला शिक्षा को आवश्यक बताते हुए, सामाजिक सहमति की भूमिका तैयार की। भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में महिलाओं की सहभागिता प्राप्ति हेतु गांधी जी ने महिला वर्ग को प्रोत्साहित किया। स्त्रियों की शिक्षा को जरूरी बताया।

भारत में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाली प्रथम महिला है – कादम्बनी गांगुली। इन्होंने कलकत्ता विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री प्राप्त कर महिलाओं को शिक्षा प्राप्ति हेतु प्रेरित किया। इसके पश्चात् भारत की अनेक महिलाओं ने उच्च शिक्षा प्राप्त की। भारत के प्रसिद्ध समाज सेवक श्री कर्वे ने 1918 में भारत में महिला विश्वविद्यालय स्थापित किया। महिलाओं में शिक्षा के प्रति जाग्रत करने के लिए 1928 में 'अखिल भारतीय महिला शिक्षा परिषद' की बैठक हुई।

स्वतंत्र भारत के संविधान में अनुच्छेद 15(3) में उपबंधित है कि महिला शिक्षा हेतु विशेष उपबंध किये जायें। 1971 में गठित शिक्षा समिति एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में महिला शिक्षा हेतु विशेष व्यवस्था की गयी है। महिलाओं की समानता से संबंधित एक कार्यक्रम भी शिक्षा नीति में शामिल किया गया है। इस तरह विभिन्न स्तरों पर महिलाओं की शिक्षा हेतु अनेक प्रयास किये जाते रहे हैं। इनसे आंशिक लाभ भी हुआ है।

सवाल उठता है कि महिला शिक्षा क्यों आवश्यक है? दरअसल महिला शिक्षा से समुचित सभ्यता एवं संस्कृति को पनाह मिलती है। विकास को गति मिलती है। मानव व्यक्तित्व का विकास होता है और समस्या का वैज्ञानिक समाधान सम्मद होता है। शिक्षित महिला अपने परिवार में एक कुशल प्रबंधक की तरह कार्य करती है परिवारजनों का स्वास्थ्य, उनका भोजन, कैलोरी की मात्रा, घर की सत्र, बजट, सामाजिक संबंधों की सहजता, बच्चों की देखभाल का वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं उनकी शिक्षा आदि विभिन्न पहलुओं के मध्य सामंजस्य स्थापित कर सकती है। अत: यह कहा जाता है कि 'एक महिला शिक्षित तो पूरा परिवार शिक्षित। एक महिला सशक्त तो पूरा परिवार।' यह अवधारणा भारतीय समाज में नवीन आयाम दे रही है। इसलिए परिवार के स्थायित्व, अच्छे प्रबंधन, उचित विकास, प्रारम्भिक शिक्षा एवं संस्कृति की समृद्धि तथा पोषण के लिए महिला शिक्षा ही प्रथम आवश्यकता है।

सर्वविदित है कि केरल में महिला साक्षरता सर्वाधिक है। यहीं की 87 महिलाएं शिक्षा हैं और प्रजनन दर 2.2 है तथा शिशु मृत्यु दर 22 प्रति हजार है। अर्थात् यहां पर देश की सबसे कम शिशु मृत्यु दर है। उल्लेखनीय है कि भारत की राष्ट्रीय शिशु मृत्यु की औसत दर 91 प्रति हजार है। दूसरी तरह जिन राज्यों में महिला साक्षरता की दर कम है जैसे बिहार और राजस्थान आदि। यहां पर शिशु मृत्यु दर 91–118 प्रति हजार है। महिला साक्षरता से नवजात शिशु की पालन–पोषण में परिपक्वता आती है। महिला साक्षरता की स्थिति भी इस परिपक्वता को प्रभावित करती है। जैसे मात्र साक्षर माताओं

* एसोसिएट प्रोफेसर, राजकीय महाविद्यालय, धौलपुर (राज.) भारत

में 138 शिशु मृत्यु दर है। माध्यमिक स्तर तक शिक्षा प्राप्त महिलाओं में 96 की दर तक लाया जा सकता है और स्नातक या उच्च शिक्षा प्राप्त महिलाओं में शिशु मृत्यु दर को कम से कम 28 प्रति हजार लाना संभव है। यह तथ्य शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में लागू होता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक अध्ययन के अनुसार – 'शिक्षित महिलाएं स्वच्छ जल की आवश्यकता के विषय में ज्यादा सचेत होती हैं।' दूसरी बात शिक्षित महिला संक्रामक रोगों की आशंका में कमी, टीकाकरण, प्रारम्भिक रोगों के रोकथाम, चिकित्सा सुविधाओं के बेहतर उपयोग एवं जल तथा भोज्य पदार्थो की स्वच्छता के प्रति जागरूक रहकर, महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करती है। शिक्षा महिला को सामर्थ बनाती है। वह अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकती है। उसके लिए जीवन के कई क्षेत्र खुल जाते हैं। उसकी निर्णय शक्ति में वृद्धि होती है।

महिला शिक्षा के अनेक लाभ हैं। इसका प्रत्यक्ष प्रतिफल है – आर्थिक आत्म–निर्भरता। महिला शिक्षित होकर वांछित और उत्कृष्ट सेवाओं में जा सकती है। वर्तमान कालीन महिलाएं अंतरिक्ष, समुद्र एवं मरूस्थल तक जाकर शोध एवं अनुसंधान कर चुकी है। विज्ञान, तकनीकी, उच्च शिक्षा, कला, संस्कृत, खेल, सेना, प्रशासनिक सेवा, पत्रकारिता, चिकित्सा और वह सभी क्षेत्र जो मनुष्य की पहुंच में हैं, वहीं तक महिलाएं कार्यरत हैं। वह अपने कौशल एवं योग्यता के आधार पर समाज में अपना स्थान बनाने लगी हैं। उसने राजनीति, साहित्य, शिक्षा एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में नवीन आयाम जोड़ दिये हैं।

दुर्भाग्यवश, आधुनिक समाज में शिक्षा को मात्र नौकरी से सह–स्थापित किया जाता है। वह अवधारणा अत्यधिक संकुचित एवं अधूरी है। शिक्षा प्राप्ति के उद्देश्य मात्र नौकरी की प्राप्ति नहीं होना चाहिए। शिक्षा मानव का बौद्धिक, मानसिक, शारीरिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राजनीतिक विकास करती है। मात्र एक उद्देश्य से शिक्षा को जोड़कर देखना अन्यायपूर्ण है। इससे कुन्ठा उत्पन्न होती है। नौकरी नहीं मिलने की दशा में अवसाद एवं निराशा के भाव पैदा होते हैं। फिर भी समाज में इस अवधारणा की काफी गहरी और मजबूत है।

शिक्षा पद्धति मानव को मानव बनाने में सक्षम ही दृष्टिगत नहीं होती है। महिला के प्राकृतिक गुणों के पोषण एवं संबर्द्धन का इसमें कोइ स्थान नहीं है और न ही युवाओं की समस्याओं का कोई समाधान है। ऐसी स्थिति में समाज में एकांकी दृष्टि कोण का पनपना स्वाभाविक है किन्तु इससे सर्वाधिक हानि हुई है महिलाओं को। जैसा कि सभी जानते हैं कि उच्चतर शिक्षा पी.एच.डी. की डिग्री प्रदान करने के बाद भी शिक्षा उन महिलाओं में साहस एवं आत्मरक्षा के भाव उत्पन्न करने में असक्षम होती हैं। वे दहेज बहु–विवाह, बेमेल–विवाह और पर्दा–प्रथा जैसी सामाजिक बुराईयों का प्रतिकार नहीं कर पाती हैं। ऐसी महिलाएं अत्याचार करने वाले पति या छेड़खानी करने वाले राहगीर के विरूद्ध भी कार्यवाही नहीं कर पाती हैं।

परम्परागत रूढ़ियों का प्रभाव शिक्षित के मस्तिष्क पर बराबर हावी रहता है। भारत की अनेक स्नातक एवं स्नातकोत्तर महिलाएं अपने अस्तित्व की स्थापना करने में असमर्थ हैं, वह मात्र श्रीमती बनकर रह जाती हैं। उनकी योगयता एवं कौशल पारिवारिक एवं सामाजिक अन्याय, असमानता एवं अत्याचार को सहन करने में ही विलीन हो जाती है। उन्हें लगता है कि शिक्षा का पैमाना है, इन्हीं प्रतिकूल परिस्थितियों में समायोजन कर लेना। इसलिए वह अपने आत्मसम्मान के पक्ष में कोई निर्णय नहीं ले पाती हें। इसी परिप्रेक्ष्य में यह बिल्कुल स्पष्ट है कि हमारा सामाजिक परिवेश महिलाओं की योग्यता को नजर अंदाज कर उसका शोषण करने में माहिर है। उसे तो स्त्री को द्वितीय स्थान प्रदान करने में ही संतुष्टि होती है। कई बार तो शिक्षित महिला अपेक्षाकृत अधिक पीड़ित होती है। उसकी इस पीड़ा के दो कारण हैं–

प्रथम – जागरूकता अर्थात अपने अधिकारों के प्रति संवेदनशीलता और दोहरे सामाजिक मापदण्डों के कारण उत्पन्न आक्रोश।

द्वितीय – परिवार एवं समाज का अपेक्षाकृत अधिक दवाब पूर्ण व्यवहार।

भारतीय समाज संक्रमण काल से गुजर रहा है इसलिए वह शिक्षित महिला के प्रति अधिक शंकालू दिखाई पड़ता है शायद उसे अपनी परम्परागत सामाजिक व्यवथा के चरमराहट का अहसास हो रहा है। चूंकि शिक्षित महिलाएं अपेक्षाकृत अधिक सशक्त होती है। इसलिए वह सार्वजनिक भूमिका निर्वाह कर राष्ट्र निर्माण में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। समाज की लगभग आधी आबादी महिलाओं की है इसलिए इनकी उपेक्षा नहीं की जा सकती है। भारत में महिला को एक मानव संसाधन के रूप में पहचाना जाने लगा है अस्तु महिला शिक्षा को प्रोत्साहित किया जा रहा है अनेक कार्यक्रम व परियोजनाएं की जा रही हैं ताकि स्त्री शिक्षा में वृद्धि हो।

भारत के संविधान निर्माताओं व नीति विशेषज्ञों ने महिलाओं के पिछड़ेपन के मर्म को समझा और विभिन्न उपबन्धों के अंतर्गत महिलाओं के समान अधिकार व विकास हेतु अनुच्छेद 15, 16, 19, 21, 23, 39, 42, 51(क), 243(घ), 325, 326 अधिकारों से विधिक स्तर पर संरक्षण प्रदान किया, साथ ही विधवा पुनर्विवाह अधिनियम 1856, बाल विवाह निषेध अधिनियम 1961 व 2012 में संशोधन, महिलाओं के खिलाफ जघन्य यौन अपराध निषेध विधेयक 2013 के संरक्षण का प्रणयन किया गया।

महिला शिक्षा की स्थिति : 1901 में हमारे देश में स्त्री–साक्षरता मात्र 0.6 प्रतिशत थी जो स्वतंत्रता के उपरांत 1951 में बढ़कर 8.9 प्रतिशत हो गई। जनगणना 2011 में 64.84 प्रतिशत थी। इस दौरान स्त्री–साक्षरता की दर में 11.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई, 2011 में यह 53.7 प्रतिशत थी जो बढ़कर 2011 में 65.5 प्रतिशत हो गई। 2001–2011 की अवधि के दौरान स्त्री–साक्षरता दर में 11.79 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो महिला सशक्तिकरण और राष्ट्रवाद का अच्छा संकेत है। 2011 में निम्न राज्यों में स्त्री साक्षरता दर राष्ट्रीय औसत से कम है, जैसे बिहार, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश ये राज्य जनसंख्या व क्षेत्रफल से बड़े हैं लेकिन राष्ट्रीय औसत साक्षरता इन राज्यों में कम है जो राष्ट्रवाद व महिला सशक्तिकरण के लिए चिन्तन का विषय है।

महिला शिक्षा विकास हेतु शैक्षिक नीतियाँ : स्त्री शिक्षा के विकास और देश की मुख्य धारा में उनकी सहयोगिता के लिए माध्यमिक शिक्षा आयोग 1952–1953 मुख्य रूप से स्त्री शिक्षा के प्रति उदासीन रहा लेकिन आयोग ने लड़कियों के प्रति गृह विज्ञान की शिक्षा के लिए विशेष सुविधाएं देने तथा मांग होने पर लड़कियों के लिए प्रथम विद्यालय खोले जाने का सुझाव दिया तथा भारत सरकार द्वारा गठित दुर्गा बाई देशमुख समिति 1957 ने कम अवधि में पुरूष और स्त्री के मध्य दूरी को भरने का सुझाव दिया तथा भारत सरकार द्वारा गठित दुर्गा बाई देशमुख समिति 1957 ने कम अवधि में पुरूष और स्त्री शिक्षा के मध्य दूरी को ारने का सुझाव दिया। वर्ष 2002 में 86वां संविधान संशोधन करके शिक्षा को मौलिक अधिकारों में सम्मिलित कर लिया गया।

महिला शिक्षा के विकास हेतु विभिनन कार्यक्रम जनवरी 2015 में सरकार द्वारा बेटी बचाओ अभियान के तहत बेटियों के उच्च शिक्षा और

उनके विवाह के लिए सुकन्या समृद्धि योजना नाम से राष्ट्रीय लघु बचत योजना का सूत्रपात किया गया, वहीं राज्य द्वारा नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक योजना, गाँव की बेटी योजना एकलव्य विद्यालय, मेधावी बालिकाओं हेतु नि:शुल्क स्कूटर योजना इत्यादि प्रमुख है।

निष्कर्ष – देश की आधी आबादी महिलाओं की है। जब तक इन्हें शिक्षा कार्यक्रमों में सम्बद्ध नहीं किया जाता तब तक उनके चहुंमुखी विकास की संभावनाएं न्यू नहीं रहेंगी। वर्तमान परिवेश में शिक्षा की अनिवार्यता महत्वपूर्ण हो गई। जब महिला पूर्ण साक्षर होगी तभी देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर सकेगी। आज का युग तकनीकी शिक्षा का युग है, इसलिए महिला का केवल साक्षर होना आवश्यक नहीं है बल्कि उसके बौद्धिक विकास की भी आवश्यकता है। तभी नारी इच्छित गरिमा को प्राप्त कर सकेगी और महिला सशक्तिकरण से ही उनका चहुंमुखी विकास एवं सशक्तिकरण संभव हो सकेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. चन्द्रशेखर, ममता, 'महिला सशक्तिकरण की अवधारणा', यथार्थ प्रकाशन, इन्दौर (म.प्र.) 2002
2. कुमारी, अरूणा, 'महिलाओं में अनिवार्य शिक्षा और सशक्तिकरण', रिसर्च लाईन जर्नल, ग्वालियर, 2008
3. यादव, वीरेन्द्र सिंह, 'नई सहस्त्राब्दी का महिला सशक्तिकरण अवधारणा', चिन्तन एवं सरोकार ओमेगा पब्लिकेशन, दिल्ली, 2010

****

झाला वंश का मेवाड़ के लिए आत्मोत्सर्ग एवं बड़ी सादड़ी ठिकाना

डॉ. सुदर्शन सिंह राठौड़ *

प्रस्तावना – राजस्थान के 36 राजकूलों में झाला वंश का नाम शामिल है, इसका प्राचीन नाम मकवाना–वंश मिलता है। यह वंश चंद्रवंशी तथा माध्यनंदिनी शाखा के मार्कण्डेय ऋषि से उत्पन्न माना जाता है। इस वंश के संबंध में भी अग्निवंशीय उत्पति के समान एक किंवदंती मिलती है जिसके अनुसार राक्षसों के अत्याचारों से पीड़ित होकर ऋषि मार्कण्डेय ने हिमालय की तलहटी में जाकर महायज्ञ किया जिसके अग्निकुड से कुण्डमाल नामक योद्धा की उत्पति हुई और उसने राक्षसों का अंत करके सनातन धर्म की रक्षा की।[1] गौरीशंकर हीराचंद ओझा के अनुसार झालावंश का पुराना नाम मकवाना था और यह सिंध के कीर्तिगढ़ से उत्पन्न हुए, बाद में हरपाल मकवाना को गुजरात के सोलंकी वंश के शासक कर्ण द्वारा जागीर प्रदान की गई अत: इस वंश की प्रारंभिक उत्पति के बारे में जो भी तर्क दिए गए हो परन्तु इस वंश के अज्ज़ा और उनके भाई सज्जा का मेवाड़ से विशेष संबंध है।

झाला वंश के रजोधर की 1500 ई. में हलवद में मृत्यु हो गई और उसके पुत्र अज्जा व सज्जा दाह संस्कार में शामिल होने गए हुए थे, परन्तु उसका छोटा पुत्र राणकदेव अल्पवयस्क होने के कारण साथ नहीं गया। इस अवसर का फायदा उठाकर पंवार राजा लगधर ने राणकदेव को झाला वंश का उत्तराधिकारी घोषित कर उसको हलवद की गद्दी पर बैठा दिया। ऐसी परिस्थिति में अज्जा व सज्जा जोधपुर के शासक राव सूजा के पास चले गए।[2]

जोधपुर के शासक राव सूजा (1492 ई. से 1515 ई.) के समय राव अज्जा और उनके भाई राव सज्जा हलवद से जोधपुर आये। परन्तु महाराजा द्वारा अज्जा की पुत्री से शादी करने के प्रश्न पर हुए विवाद के कारण अज्जा व सज्जा ने 1506 ई. में जोधपुर छोड़ दिया और मेवाड़ के महाराणा रायमल के आमंत्रण के पश्चात् वे कुम्भलगढ़ आ गए। इन्हें महाराणा ने अजमेर की जागीर प्रदान की। महाराणा सांगा द्वारा 1512 ई. में इन्हें अजमेर परगने के 325 गांवों की जागीर तथा 'राणा पदवी' प्रदान की। 17 मार्च, 1527 ई. को राणा सांगा और बाबर के बीच खानवा में निर्णायक युद्ध हुआ। इस समय वीरता से लड़ते हुए सांगा घायल हो गये। युद्ध को जारी रखने के लिये तथा घायलावस्था में सांगा को सुरक्षित स्थान पर ले जाने के लिये रणकुशल योद्धा अज्जा को महाराणा के स्थान पर युद्ध के संचालन का दायित्व सौंपा गया। अज्जा ने तत्काल इस जिम्मेदारी को स्वीकार करते हुए महाराणा का राज्य चिन्ह छत्र आदि धारण करके हाथी पर सवार होकर रणक्षेत्र में अग्रिम पंक्ति में पहुंच गए। इस समय में मुगल सेना के साथ वीरता से लड़ते हुए अज्जा अपने सहयोगियों डूंगरपुर रावल उदयसिंह, हसनखां मेवाती, माणकचन्द चौहान, चन्द्रभान चौहान, रतनसिंह कांघलोत, रामदास सोनगरा (पाली), गोकलदास पंवार (अजमेर), रायमल राठौड़ (जोधपुर), रतनसिंह मेड़तिया, खेतसी आदि के साथ वीरगति को प्राप्त हुए।[3]

अज्जा के इस आत्मबलिदान के कारण उसके वंशधरों को मेवाड़ दरबार द्वारा सोलह उमरावों में सबसे अव्वल दर्जे का पद–प्रतिष्ठा, ताजिम और कुर प्रदान किया गया, साथ ही उन्हें महाराणा के समान राजचिन्ह धारण करने का अधिकार भी दिया गया। खानवा युद्ध में पराजय के पश्चात् अजमेर परगना मेवाड़ के हाथ से निकल गया। 1528 ई. में चित्तौड़ में महाराणा रतनसिंह की गद्दीनशीनी समारोह में अज्जा का पुत्र राजराणा सिंहा और उनके चाचा सज्जा भी शामिल हुए। इस अवसर पर महाराणा ने उनका सम्मान बढ़ाते हुए उनके उत्तराधिकारियों की तलवार बंधाई पर कैद नजराना माफ कर दिया और दरबार में उन्हें मुंडा बरोबर की बैठक प्रदान की गई। इस अवसर पर ही महराणा द्वारा अजमेर के स्थान पर झाड़ोल एवं बिछीवाड़ा की जागीरें सिंहा को और देलवाड़ा की जागीर सज्जा को प्रदान की गईं रत्नसिंह ने महाराणा सांगा की बहन रूपकुंवर का विवाह राजराणा सिंहा के साथ करके उनकी प्रतिष्ठा को और बढ़ा दिया।

गुजरात के शासक बहादुरशाह द्वारा 1535 ई. में चित्तौड़ पर दूसरा आक्रमण किया गया। इस समय यहां की बागडोर रानी कर्मवती ने संभाल रखी थी। उन्होंने मेवाड़ के सभी सरदारों को चित्तौड़ की रक्षा के लिए आमंत्रित किया। झाड़ोल राजराणा सिंहा और देलवाड़ा राजराणा सज्जा भी अपनी सेना सहित यहां उपस्थित हुए। दोनों अपने–अपने सैनिकों के साथ गणेश पोल की सुरक्षा के लिए डट गए।[4] बहादुरशाह के भीषण आक्रमण तथा तोपों व बारूदी गोलों के कारण राजपूत सरदारों ने किले के सभी द्वार खोल दिये और प्रत्यक्ष युद्ध के लिये तैयार हो गये। इस समय लड़ते हुए उनके वीरों के साथ सिंहा और सज्जा भी वीरगति को प्राप्त हुए। राजराणा सिंहा के बाद उसका पुत्र आसा झाड़ोल का उत्तराधिकारी बना जिसकी तलवारबंधी की रस्म 1535 ई. में महाराणा विक्रमादित्य द्वारा सम्पन्न की गई। महाराणा विक्रमादित्य की दासी पुत्र बणवीर ने हत्या कर चित्तौड़ पर अधिकार कर लिया। कालांतर में यहां के वास्तविक उत्तराधिकारी उदयसिंह ने 1540 ई. में चित्तौड़ पर आक्रमण किया। इस समय राजराणा आसा बणवीर की सेना से मुकाबला करते हुए वीरगति को प्राप्त हुआ। उसने मेवाड़ के लिये बलिदान के क्रम में अपने प्राणोत्सर्ग (केवल 23 वर्ष की उम्र में ही) कर अपनी वंश परम्परा के बलिदानी यश को जारी रखा।

1540 ई. में राजराणा आसा की मृत्यु नि:संतान हुई थी। अत: उसका भाई सुरताणसिंह झाड़ोल का शासक बना जिसकी तलवार बंधी चित्तौड़गढ़ में महाराणा उदयसिंह द्वारा की गई। 1567 ई. में अकबर ने चित्तौड़ पर आक्रमण किया। इस समय महाराणा उदयसिंह का रूक्का मिलने पर राजराणा सुरताणसिंह अपनी जमीयत सहित चित्तौड़ की रक्षार्थ पहुंच गया। चित्तौड़ के

* सहायक आचार्य (इतिहास) राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

किले की रक्षा करते हुए वह सूरजपोल के निकट वीरगति को प्राप्त हुआ। हलवद के झाला राजवंशियों का क्रमबद्ध यह चौथा आत्मबलिदान था।[5]

25 फरवरी, 1568 ई. को राजराणा सुरताण का द्वितीय पुत्र मानसिंह झाड़ोल की गद्दी पर बैठा। यह इतिहास में वीदा के नाम से प्रसिद्ध था। हल्दीघाटी युद्ध से पूर्व महाराणा प्रताप द्वारा सभी मेवाड़ के सरदारों की 'युद्ध-परिषद्' का निर्माण किया गया। इसमें राजराणा मानसिंह शामिल हुआ था। 18 जून, 1576 ई. में मुगल बादशाह अकबर की सेना मानसिंह व आसफ खां के नेतृत्व में यहां पहुंची। महाराणा प्रताप के साथ झाला मानसिंह युद्ध लड़ रहा था। इसी समय प्रताप मुगल सेना को पीछे धकेलते हुए मैदानी भाग में आ गये। यहां मानसिंह पर प्रहार करने के समय चेतक की एक टांग कट गई और प्रताप को मुगल सैनिकों ने घेर लिया। मेवाड़ के सरदार यहां पहुंचे और उन्होंने प्रताप को युद्ध भूमि से सुरक्षित बाहर निकाल दिया। इस समय राजराणा मानसिंह ने अपने वंश के इतिहास को पांचवी सदी में पुन: दोहराया। वे महाराणा प्रताप का छत्र और राजचिन्ह धारण करके मुगल सेना पर टूट पड़े। उन्होंने अन्य सरदारों के साथ मेवाड़ की रक्षार्थ अपना बलिदान दिया और इतिहास में अपने वंश गौरव को बढ़ाते हुए सदा के लिये अमर हो गये। आज भी मेवाड़ का प्रत्येक नागरिक मातृभूमि की रक्षार्थ बलिदान के लिये उन्हें नमन करता है।

राजराणा दूदा की तलवार बंधायी महाराणा प्रताप द्वारा कोल्यारी में की गईं इस समय प्रताप ने अपने पुत्र कुंवर अमरसिंह को इन्हें लेने भेजा। प्रताप ने अज्जा के वंशजों के बलिदान की प्रशंसा की तथा इनकी राह-मरजाद में राजमहल के द्वार तक नक्कारा और दुंदुभी बजाते हुए घोड़े पर बैठकर आने का सम्मान तथा तलवार बंदी पर इन्हें कैद-नजराना से मुक्त रखने का सम्मान प्रदान किया। महाराणा प्रताप के पश्चात् उनके पुत्र अमरसिंह ने मुगलों से संघर्ष जारी रखा। मुगल सेनापतियों से मेवाड़ के सरदारों की झड़प होती रहती थी। 1611 ई. में राजराणा दूदा का मुगल सेनापति अब्दुल्ला खां के विरूद्ध रणकपुर की घाटी में भेजा गया। यहां मुगल सेनापति का सामना करते हुए दूदा मारा गया। आज भी इस स्थान पर एक स्मारक बना हुआ है जो 'झाला-छतरी' के नाम से प्रसिद्ध है।[6]

राजराणा दूदा की मृत्यु के पश्चात् झाड़ोल की गद्दी के लिये उसके बड़े पुत्र हरिदास तथा छोटे पुत्र श्यामसिंह के बीच संघर्ष हुआ। इस समय मेवाड़-मुगल संघर्ष चल रहा था, अत: महाराणा अमरसिंह तुरन्त कोई निर्णय न ले सके। हरिदास के कुशल सैन्य प्रबन्ध तथा 1615 ई. की मेवाड़-मुगल संधि में उनकी भूमिका के कारण महाराणा अमरसिंह उनसे प्रसन्न थे। इस समय महाराणा ने हरिदास को झाड़ोल की जागीर छोड़ने के लिये राजी कर दिया और इसके बदले में उन्हें कानोड़ की जागीर दे दी गई। झाड़ोल के राजराणा श्यामसिंह के पक्ष में हरिदास ने राज्य छोड़ दिया और कानोड़ के राजराणा के रूप में उनकी तलवार बंधी हुई। इस समय झाड़ोल की प्रतिष्ठा कम हो गई और मेवाड़ में सर्वोच्च ठिकाने के रूप में तथा पूर्वजों की सभी राह-मरजाद राजराणा हरिदास व कानोड़ को दी गई। राजराणा हरिदास की योग्यता को देखते हुए महाराणा अमरसिंह ने उसे अपने पुत्र कर्णसिंह का मुख्य सलाहकार बनाकर मुगल दरबार में भेजा। इसके पश्चात् कर्णसिंह के पुत्र जगतसिंह के साथ भी राजराणा हरिदास को भेजा गया। यहां हरिदास को बादशाह द्वारा पांच हजार रूपये, एक घोड़ा और खिलअत देकर सम्मानित किया गया। इससे मेवाड़ में उसकी प्रतिष्ठा और बढ़ गई। 1622 ई. में राजराणा की मृत्यु के पश्चात् उनके पुत्र रायसिंह की महाराणा कर्णसिंह द्वारा तलवार बंधायी की गई। राजराणा रायसिंह की शादी महाराणा अमरसिंह की पुत्री के साथ हुई थी।[7]

महाराणा कर्णसिंह द्वारा राजराणा रायसिंह की तलवार बंधायी के बाद उन्हें कानोड़ के स्थान पर एक लाख रूपये वार्षिक आय वाली सादड़ी की जागीर प्रदान की गई। इस प्रकार हलवद से आये अज्जा के वंशजों ने अपनी योग्यता, त्याग, स्वामिभक्ति और बलिदान से मेवाड़ के प्रथम श्रेणी का सर्वोच्च ठिकाना सादड़ी प्राप्त किया। इसके साथ ही यह ठिकाना हमेशा के लिए इनके पास ही रहा। यह ठिकाना मेवाड़ के दक्षिण पूर्वी भाग में स्थित है एवं उसका अधिकांश भाग अरावली पर्वत के बाहर का मैदानी भाग है। इसकी पूर्वी सीमा नीमच और मंदसोर से, उत्तर-पूर्वी सीमा ग्वालियर और टोंक से, दक्षिणी सीमा प्रतापगढ़ और धरियावद से मिलती है। झाला वंश द्वारा लगातार अपनी सात पीढ़ी के द्वारा मेवाड़ के लिए दिए गए बलिदान के फलस्वरूप बड़ीसादड़ी ठिकाना उन्हें मिला।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. पुरोहित राजेन्द्रनाथ, मेवाड़ के दरीखाने एवं रीति-रिवाज, 2005 पृ.-263
2. सादड़ी बही (राजराणा हिम्मतसिंह व्यक्तिगत रिकॉर्ड) अप्रकाशित, पृ. 117
3. श्यामलदास, वीर-विनोद, पृ. 316
4. टॉड जेम्स, एनल्स एंड एंटिक्यूटीज ऑफ राजस्थान, पृ. 250
5. ओझा गौरीशंकर हीराचंद, उदयपुर राज्य का इतिहास भाग-1, पृ. 417
6. ओझा गौरीशंकर हीराचंद, उदयपुर राज्य का इतिहास भाग-1, पृ. 485
7. शर्मा सीताराम, श्री झाला-भूषण मार्तण्ड, पृ. 45

****

ब्रिक्स विकास बैंक और भारत के लिए इसका महत्व

डॉ. प्रवीण पंड्या*

शोध सारांश – ब्रिक्स (BRICS) दुनिया की पाँच उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं का एक नया संगठन है, जो आपस में आर्थिक सहयोग के साथ-साथ पश्चिम देशों व अमेरिका के प्रभुत्व वाली आर्थिक व राजनीतिक व्यवस्था के स्थान पर एक बहुपक्षीय व्यवस्था की स्थापना के लिए प्रयासरत् है। इस संगठत में पाँच देश-ब्राजील, रूस, इण्डिया, चीन तथा साउथ अफ्रीका शामिल हैं इसका नामकरण इन पाँच देशों के नामों के पहले अक्षरों से हुआ है। भारत इसका एक अहम सदस्य है और क्षेत्रीय संगठनों में भारत द्धारा इसकी सदस्या ग्रहण करना भारत की बदलती वैश्विक नीति का परिचायक है जो कई अर्थो में प्रासंगिक हो सकता है। ब्रिक्स समुह में भारत का अपना अलग महत्व है। आज भारत विश्व में अपना विशेष स्थान प्राप्त करने के लिए प्रयासरत है। दक्षिण पूर्व एशिया की एक प्रमुख शक्ति होने के कारण आज विश्व के शक्तिशाली देशों ने भारत को महत्व देना प्रारंभ कर दिया हैं। जहां भारत को रूस की पंरपरागत मित्रता और चीन के साथ आर्थिक सहयोग से लाभ हुआ है तो ब्राजील एंव दक्षिण अफ्रिका के साथ (इब्सा - इंडिया, ब्राजील एंव साउथ अफ्रीका के सहारे) भारत का मान - सम्मान बढ़ा है।

प्रस्तावना – ब्रिक्स का विचार सबसे पहले वित्तीय कम्पनी गैंल्डमन सैच के अर्थशास्त्री **जिम ओ नील** ने 2003 में प्रकाशित अपनी रिपोर्ट **'ड्रीमिंग विद ब्रिक्स: दा पाथ टू 2050'** में दिया था, उनके अनुसार चार देशों - ब्राजील, रूस, भारत तथा चीन 2050 तक विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थांऐं होगे, वर्तमान में अमरीका तथा यूरोपियन संघ की अर्थव्यवस्थांऐं विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थांए है,इस रिपोर्ट के अनुसार चीन व भारत वस्तुओं तथा सेवाओं उत्पादन में विश्व के सबसे बड़ी निर्माओं के रूप में उभर रहे हैं, दुसरी ओर रूस व ब्राजील विश्व के कच्चे माल के सबसे बड़े आपूर्तिकर्ता के रूप में उभर रहे हैं अत: इन देशों में आपसी सहयोग की प्रकिया स्वाभाविक रूप से चलेगी। **फालो -अप रिपोर्ट के नाम से उनकी दूसरी रिपोर्ट 2004** में प्रकाशित हुई इसके अनुसार 2007 तक इन देशों में 3000 डॉलर से अधिक प्रति व्यक्ति आय वाले लोगों की सख्या दोगुनी हो जाएगी तथा इन देशों में मध्यम वर्ग की सख्या 800 मिलियन तक हो जाएगी, यही मध्यम वर्ग इन देशों में आर्थिक विकास आगे बढाएगा। गैंल्डमैन सैच की **अगली फार्ले-अप रिपोर्ट वर्ष 2007** में प्रकाशित हुई जिसमें आने वाले दशकों में भारत की विकास क्षमता पर प्रकाश डाला गया है, इस रिपोर्ट के अनुसार भारत अपनी विकास क्षमता को अनुमानित समय के पूर्व ही प्राप्त कर लेगा। विश्व में 30 सबसे तीव्र गति से विकसित होने वाले शहरी क्षेत्रों में से 10 भारत में होगे, वर्ष 2050 तक भारत के 700 मिलियन लोग शहरी क्षेत्रों में निवास कर रहे होगे। **गोल्डमैन सैच की अन्तिम रिपोर्ट 2010 में प्रकाशित हुई जिसका शीर्षक है- ई एम इक्विटी इन टु डिकेडस: ए चेन्जिंग लैण्डस्केपय** इसमें ब्रिक देशों में वित्त व पूँजी की स्थिति पर प्रकाश डाला गया हैं। 2030 तक चीन पूँजी बाजार में हिस्सेदारी के हिसाब से अमरीका से आगे होगा, 2010 में चीन जापान को पीछे कर विश्व की दुसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया हैं, गोल्डमैन सैच के उक्त विचारो को **ब्रिक थेसिस** के नाम से भी जाना जाता है।

ब्रिक्स के प्रमुख उद्देश्य – ब्रिक्स के सम्मेलनों के अन्त में जारी घोषण-पत्रों व इनकी गतिविधियों के आधार पर ब्रिक्स के निम्नलिखित उद्देश्य माने जा सकते है -

- पश्चिमी देशों के प्रभुत्व वाली राजनीतिक व आर्थिक व्यवस्था के स्थान पर एक न्यायपूर्ण तथा समतापूर्ण विश्व व्यवस्था की स्थापना करना हैं।
- वर्तमान में विश्व के प्रमूख मुद्दो जैसे-जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद, विश्व व्यापार व्यवस्था का संचालन, ऊर्जा सुरक्षा तथा मानवीय विकास आदि का न्यायोचित समाधान करना हैं।
- सदस्य देशों के मध्य आपसी संबंधो को मजबूत करना हैं।

विश्व में ब्रिक्स बैंकों के सदस्यों की वर्तमान स्थिति

	ब्राजील	रूस	**भारत**	चीन	साउथ अफ्रीका
क्षेत्रफल	5TH	1TH	**7TH**	3RD	25TH
जनसंख्या	5TH	9TH	**2ND**	1ST	25TH
श्रमसंख्या	5TH	7TH	**2ND**	1ST	34TH
प्रतिव्यक्ति-सकल राष्ट्रीय उत्पाद	66TH	51TH	**148TH**	83TH	80ST

ब्रिक्स डेवलमेंट बैंक का अन्य क्षेत्रीय राष्ट्रीय एवं बहुपक्षीय बैकों के साथ सम्बन्ध – ब्रिक्स देशों की राय में ब्रिक्स बैंक का तालमेल अन्य क्षेत्रीय बहुपक्षीय एव बैकों के साथ बैठना जरूरी है ताकि क्षेत्रीय अथवा राष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत बैंक अपने उत्तरदायित्व को बेहतर ढंग से कार्यान्वित कर सके। वस्तुत: ब्रिक्स बैंक अन्य बैंकों के लिए एक बेहतर नेटवर्क की तरह कार्य करेगा। इसके पीछे यह तर्क काम करेगा कि अगर राष्ट्रीय विकास बैंक अच्छे ढ़ंग से अपना कार्य तभी निष्पादित सकता है अगर उन्हें किसी बहुपक्षीय बैंक का सहयोग एवं आधार मिले। अत: अन्य क्षेत्रीय एंव राष्ट्रीय बैकों के साथ मिलकर कार्य करने से बैंको की कार्यप्रणाली अधिक संतुलित होगी एंव विकास योजनाओं पर इसका सकारात्मक असर पड़ेगा।

* सह आचार्य (अर्थशास्त्र) राजकीय कन्या महाविद्यालय, खेरवाड़ा (उदयपुर) (राज.) भारत

ब्रिक्स देंशों की अर्थव्यवस्था एक-दूसरे की प्रतियोगी न होकर पूरक है,

शिखर सम्मेलन	देश	स्थान	समय
पहला	रूस	येकैटरिनबर्ग	16 जून 2009
दूसरा	ब्राजील	ब्रासीलिया	16 अप्रैल 2010
तीसरा	चीन	सान्या	14 अप्रैल 2011
चौथा	**भारत**	**नई दिल्ली**	**29 मार्च 2012**
पाँचवाँ	दक्षिण-अफ्रीका	डरबन	27 मार्च 2013
छठवाँ	ब्राजील	फोर्टलिजा	15 जुलाई 2014
सातवाँ	रूस	प्रस्तावित	2015

ब्रिक्स में सम्मिलित देशों की कुल जनसंख्या विश्व की कुल जनसंख्या का 40 प्रतिशत है तथा इन देशों का कुल क्षेत्रफल विश्व के कुल क्षेत्रफल का 25 प्रतिशत हैं। इन देशों का कुल सम्मिलित सकल घेरलु उत्पाद लगभग 15.5 मिलियन डालर है। ब्रिक्स की धारणा के अंतर्गत यह भी बताया गया कि ब्रिक्स देशों की अर्थव्यवस्था एक-दुसरे की प्रतियोगी न होकर पूरक हैं, रूस एंव ब्राजील कच्चे माल एंव ऊर्जा संसाधन के बड़े आपूर्तिकर्ता है वही भारत एंव चीन में ऊर्जा खपत एंव विनिर्माण क्षेत्र में अपार संभावनाएं निहित हैं। इन्हीं धारणाओं से प्रेरेति होकर 2009 में रूस, ब्राजील, चीन तथा भारत ने ब्रिक्स की स्थापना का निर्णय लिया।

ब्रिक्स देशों का शिखर सम्मेलन प्रारम्भ से वर्तमान तक -ब्रिक्स के शिखर सम्मेलन ब्रिक्स देशों का प्रथम सम्मेलन रूस के येकैटरिनबर्ग में 16 जून 2009 को सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन में इन चार देशों ने अमरीकी उसके यूरोपीय सहयोगियों के प्रभुत्वशाली वर्तमान वैश्विक व्यवस्था के स्थान पर बहुध्रुवीय विश्व-व्यवस्था की मांग की थी।

ब्रिक्स देशों का दूसरा सम्मेलन ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया में 16 अप्रैल 2010 को सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन में ब्रिक देशों ने बहुध्रुवीय प्रजातांत्रिक वैश्विक व्यवस्था की मांग दोहराई। इसी सम्मेलन में यह भी निर्णय लिया गया कि दक्षिण अफ्रीका को भी ब्रिक्स की सदस्यता प्रदान की जाए। इसके बाद से ब्रिक का नाम बढ़ाकर ब्रिक्स कर दिया गया।

ब्रिक्स का तीसरा शिखर सम्मेलन चीन के शहर सान्या में 14 अप्रैल 2011 को सम्पन्न हुआ। दक्षिण अफ्रीका ने पहली बार इस सम्मलेन में भाग लिया। इस सम्मेलन के दौरन ब्रिक्स देशों में चल रहे सहयोगात्मक कार्यक्रमों की समीक्षा भी की गई तथा नई गतिविधियां के बारे में भी सहमति बनी। इस सम्मेलन में बहस के अन्य विषय थे, सुरक्षा संबंधी चिन्ता, तकनीकी शोध, खाद्य, सुरक्षा, बैंकिग संस्थाओं में सहयोग तथा व्यवसायिक संगठनों के बीच भी सहयोग।

ब्रिक्स देशों का चौथा सम्मेलन नई दिल्ली भारत में 29 मार्च 2012 में सम्पन्न हुआ। इस दौरान भारत ने पर्यावरण, क्लाइमेंट चेंज तथा आतकंवाद को बहस का मुद्दा बनाया तथा ब्रिक्स देशों से अपील की आंतकवाद के खिलाफ एक जुट होकर लड़ने की जरूरत है।

ब्रिक्स देशों का पांचवा सममलेन दक्षिण अफ्रीका के शहर मे सम्पन्न हुआ इस सम्मेलन के दौरान 27 मार्च 2013 में डरबन में हुए ब्रिक्स सम्मेलन में ब्रिक्स बैंक के विचार पर सहमति बनी। डरबन शिखर सम्मलेन के आयोजन के साथ ही पांचों सदस्य देशों में एक-एक बार शिखर सम्मेलन आयोजन का दौर पूरा हो गया। डरबन सम्मलेन के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री ने मेजबान राष्ट्रपति जैकब जमा के अतिरिक्त ब्राजील, रूस व चीन के राष्ट्रपतियों के साथ विभिन्न मुद्दों पर अनौपचारिक बातचीत की। चीन के नये राष्ट्रपति शी जिनजिंग के साथ अपनी पहली ही मुलाकात में जिन द्विपक्षीय मुद्दों पर उनकी बातचीत हुई उनमें ब्रह्मपुत्र नदी पर चीन द्वारा तीन बांध बनाए जाने का मुद्दा भी शामिल था। इन बांधों से भारत आने वाली पानी के प्रवाह पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की चिन्ता से भारत, चीन को पहले ही अवगत करा चुका हैं चीन की और से ऐसी आशंकाएँ निर्मूल बताई गई।

ब्रिक्स का अगला शिखर सम्मलेन ब्राजील के शहर फोर्टलिजा मे 15 जुलाई 2014 को सम्पन्न हुआ जहाँ ब्रिक्स के दस्तावेज पर हस्ताक्षर होने के साथ ही न्यू डेवलपमेंट बैंक अस्तित्व में आया यह बैंक 2016 से अपना कार्य शुरू कर देगा। भारत के लिए अच्छी बात यह रही कि बैंक की अध्यक्षता भारत के ही जिम्मे हैं, जिसे भारत की कूटनीतिक सफलता माना जा रहा है।

वर्तमान परिपेक्ष में ब्रिक्स के लिए भारत का महत्व :

- ब्रिक्स भारत को एक ऐसा अवसर प्रदान करता है जिसमें वह अपने विकास अनुभवों को सदस्य देशों के साथ बांट सकता है। साथ ही रूस एंव चीन जैसे देशों के अनुभवों का लाभ भी उठा सकता है, इसका एक कारण यह भी है कि स्वयं ब्रिक्स के अन्य सदस्य देश भी उन्हीं चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, जिनसे भारत जुझता रहा है।
- ब्रिक्स प्लेटफार्म के माध्यम से भारत यह समझने में भी सफल रहा है कि वैश्विक आर्थिक मंदी तथा वित्तीय संकट की स्थिति का किस प्रकार सामना किया जा सकता है और कौन-कौन सी सावधानियां बरती जा सकती हैं।
- भारत के ब्रिक्स देशों के साथ खाद्य सुरक्षा कृषि, बीमारियों, विदेशो सहायता तथा वैश्विक तापन के क्षेत्र में अनुभवों का आदान-प्रदान भी किया इस संदर्भ में भारत में कुछ अभिनव प्रयोग भी किए गए है जिनमें अधिकांश का सकारात्मक प्रभाव रहा है।
- चीन के साथ ब्रिक्स के माध्यम से संबंधो को बेहतर बनाकर न सिर्फ चीन के साथ विवादों को सुलझाने में सफल हो सकता है बल्कि पाकिस्तान में चीन के प्रभाव को प्रतिसंतुलित भी कर सकता है।
- भारत ने इंटेलिजेंस तथा सुचना प्रणाली में रूस से मदद भी ली है कि ताकि पाकिस्तान की आतंकवादी गतिविधियों पर लगाम लगाने हेतु एक बेहतर तंत्र का निर्माण कर सके और इस संदर्भ में ब्रिक्स के माध्यम से सामूहिक सुरक्षा की संकल्पना भारत के लिए फायदेमंद साबित हुई हैं।
- इसके अलावा ब्रिक्स के माध्यम से भारत-रूस के बीच व्यापार-वाणिज्य ऊर्जा तथा अवसंरचना के माध्यम से अपार संभावनांए बनी हैं।
- ब्राजील-भारत संबंध को ब्रिक्स के माध्यम से ही एक नया आयाम मिला है, जिसका परिणाम है कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों, डब्ल्यूटीओ विश्व बैंक तथा सयुक्त राष्ट्रसंघ में भारत की स्थिति अधिक मजबूत मानी जा रही हैं।
- ब्रिक्स इस संदर्भ में भी भारत के लिए महत्वपूर्ण है कि गोल्डमैन सैस के अर्थशास्त्री द्वारा भारतीय अर्थशास्त्री द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था को एक प्रभावी एंव निर्णायक अर्थव्यवस्था के रूप में पहचाना गया हैं।
- अत: भारत में अवसंरचना से जुड़े परियोजनाओं के लिए ब्रिक्स बैंक वित्तीयन के एक नये स्त्रोत के रूप में विकल्प भी प्रदान करेगा।

निष्कर्ष- ब्रिक्स की कार्य विधी का क्षेत्र काफी विस्तृत है,जिसमे गैर ब्रिक्स देशों के वर्चस्व के स्थान पर ब्रिक्स देशों की भी सहभागिता के द्वारा वित्तीय सुधार, सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन से होने वाली आपदाओं आदि मुद्दो का

समाधान करने का प्रयास किया जा रहा हैं। वर्तमान मे ब्रिक्स देशों में भारत ने अपना अलग ही स्थान बना लिया है, छठवाँ ब्रिक्स शिखर सम्मेलन जो कि ब्राजील के शहर फोर्टालेजा मे 15 जुलाई 2014 को सम्पन हुआ, जिसमें माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भारत का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें कर चोरी विकास की एक प्रमुख बाधा है इसे रोकने, गरीबी निवारण के लिए विश्व बैंक द्धारा सहायता, आंतकवाद के प्रत्येक रूप को विश्व शांति व सुरक्षा हेतु खतरा बताते हुए इसकी रोकथाम हेतु प्रभावी कदम उठाना, समेकित एंव टिकाऊ विकास पर बल देना प्रमुख रूप से शामिल था। इस सम्मेलन की प्रमुख बात यह रही कि इसमें ब्रिक्स विकास बैंक की स्थापना की गई है, यह बैंक चीन के शहर शंघाई में स्थापित किया जाएगाा, इसकी आरम्भिक पूंजी 100 मिलियन डालर होगी जिसकी अध्यक्षता का कार्यभार भारत को सौपा गया हैं।

अत: उपरोक्त बातों की ध्यान में रखकर निष्कर्ष के रूप मे यह कहा जा सकता है कि ब्रिक्स देशों के छठे शिखर सम्मलेन में माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्धारा कुटनीतिज्ञ के रूप मे भारत का प्रतिनिधित्व कर ब्रिक्स देशों के बीच में भारत का प्रभुत्व एंव वर्चस्व स्थापित करने के कारण ब्रिक्स देशों के द्धारा ब्रिक्स विकास बैंक की प्रथम अध्यक्षता का कार्यभार भारत को सौपा गया है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. सिविल सर्विसेज क्रॉनिकल मैग्जीन -सितम्बर 2014
2. प्रतियोगिता दर्पण हिन्दी मासिक - अक्टूबर 2014
3. महामीडिया मासिक पत्रिका -अगस्त 2014
4. दैनिक पत्र-पत्रिका , दैनिक भास्कर , नई दुनिया , टाईम ऑफ इंडिया
5. भारतीय अर्थव्यवस्था

****

वैश्विक जलवायु परिवर्तन के संभावित प्रभाव-एक आकलन

डॉ. पन्नालाल कटारा *

शोध सारांश – वैश्विक जलवायु परिवर्तन के कारण समुद्री तूफानों की बारंबारता में वृद्धि होगी जिसके परिणामस्वरूप तटीय क्षेत्रों में जान-माल की क्षति होगी। इसके अतिरिक्त अल नीनों की बारंबारता में भी बढ़ोत्तरी होगी जिससे एशिया, अफ्रीका तथा आस्ट्रेलिया महाद्वीपों में सूखे की स्थिति उत्पन्न होगी जबकि वहीं दूसरी ओर उत्तरी अमरीका में बाढ़ जैसी आपदा का प्रकोप होगा। दोनों ही स्थितियों में कृषि उत्पादकता पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

प्रस्तावना – जलवायु परिवर्तन का प्रमुख कारण वैश्विक तपन है जो हरितगृह प्रभाव का परिणाम है। हरितगृह प्रभाव वह प्रक्रिया है जिसमें पृथ्वी की सतह से टकराकर लौटने वाली सूरज की किरणों को वातावरण में उपस्थित कुछ गैसें अवशोषित कर लेती हैं परिणामस्वरूप पृथ्वी के तापमान में वृद्धि होती है। कार्बन डाईऑक्साइड, मिथेन, क्लोरोफ्लोरोकार्बन्स, नाइट्रस ऑक्साइड तथा क्षोभमण्डलीय (troposher) ओजोन वे मुख्य गैसें हैं जो हरित गृह प्रभाव के लिए उत्तरदायी हैं। वातावरण में इन गैसों की निरंतर बढ़ती मात्रा से वैश्विक जलवायु परिवर्तन का खतरा दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है।

हरितगृह प्रभाव के चलते अनेक क्षेत्रों में औसत तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वैज्ञानिकों की भविष्यवाणी के अनुसार वर्ष 2020 तक पूरी दुनिया का तापमान पिछले 1000 वर्षों की तुलना में सर्वाधिक होगा। अंतर-शासकीय जलवायु परिवर्तन पैनल Intergovernmental Panel on Climate Change (IPCC) ने वर्ष 1995 में भविष्यवाणी की थी कि अगर मौजूदा प्रवृत्ति जारी रही तो 21वीं सदी में तापमान 0.6 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा है। इस शताब्दी का पहला दशक (2000-2009) अब तक का सबसे ऊष्ण दशक रहा है जो यह साबित करता है कि हरितगृह प्रभाव के परिणामस्वरूप जलवायु परिवर्तन का दौर आरंभ हो चुका है। वैश्विक जलवायु परिवर्तन के अनेक प्रभाव होंगे जिनमें से ज्यादातर हानिकारक होंगे।

वैश्विक जलवायु परिवर्तन के संभावित प्रभाव – वैश्विक जलवायु परिवर्तन का प्रभाव स्वास्थ पर पड़ेगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार जलवायु में तपन के कारण श्वास एवं हृदय सम्बंधी बीमारियों में वृद्धि होगी। दुनिया के विकासशील देशों में दस्त, पेचिश, हैजा, क्षयरोग, पीत ज्वर तथा मियादी बुखार जैसी संक्रामक बीमारियों की बारंबारता में वृद्धि होगी। चूँकि बीमारी फैलाने वाले रोग वाहकों के गुणन एवं विस्तार में तापमान एवं वर्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अत: दक्षिण अमरीका, अफ्रीका तथा दक्षिण-पूर्व एशिया में मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों जैसे- मलेरिया, डेंगू, पीला बुखार तथा जापानी बुखार के प्रकोप में बढ़ोतरी के कारण इन बीमारियों से होने वाली मृत्युदर में इज़ाफ़ा होगा। मानव स्वास्थ्य पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के चलते एक बड़ी आबादी विस्थापित होगी जो 'पर्यावरणीय शरणार्थी' कहलाएगी।

जलवायु परिवर्तन के फलस्वरूप रोगाणुओं में बढ़ोतरी के साथ-साथ इनकी नयी प्रजातियाँ विकसित होगी जिसके परिणामस्वरूप फसलों की उत्पादकता पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। फ़सलों की नाशीजीवों तथा रोगाणुओं से सुरक्षा हेतु नाशीजीवनाशकों के उपयोग की दर में बढ़ोत्तरी होगी जिससे वातावरण प्रदूषित होगा साथ ही मानव स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

वैश्विक जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप दुनिया के मानसूनी क्षेत्रों में वर्षा में वृद्धि होगी जिससे बाढ़, भू-स्खलन तथा भूमि अपरदन जैसी समस्याएँ पैदा होंगी। जल की गुणवत्ता में गिरावट आएगी।

वैश्विक जलवायु परिवर्तन जल स्रोतों के वितरण को भी प्रभावित करेगा। उच्च अक्षांश वाले देशों तथा दक्षिण-पूर्ण एशिया के जल स्रोतों में जल की अधिकता होगी जबकि मध्य एशिया में जल की कमी होगी। निम्न अक्षांश वाले देशों में जल की कमी होगी।

जलवायु परिवर्तन के फलस्वरूप ध्रुवीय बर्फ के पिघलने के कारण विश्व का औसत समुद्री जल स्तर इक्कीसवीं शताब्दी के अंत तक 9 से 88 सेमी तक बढ़ने की संभावना है जिससे दुनिया की आधी से अधिक आबादी, जो समुद्र से 60 किमी की दूरी तक रहती है, पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। बांग्लादेश का गंगा-ब्रह्मपुत्र डेल्टा, मिस्र का नील डेल्टा तथा मार्शल द्वीपों और मालदीव सहित अनेक छोटे द्वीपों का अस्तित्व वर्ष 2100 तक समाप्त हो जाएगा। इसी ख़तरे की ओर सम्पूर्ण विश्व का ध्यान आकर्षित करने के लिए अक्टूबर 2009 में मालदीव सरकार की कैबिनेट ने समुद्र के भीतर बैठकर एक अनूठा प्रयोग किया था। इस बैठक में दिसम्बर 2009 के कोपेनहेगन सम्मेलन के लिए एक घोषणा पत्र भी तैयार किया गया था। प्रशांत महासागर का सोलोमन द्वीप जलस्तर में वृद्धि के कारण डूबने के कगार पर हैं।

वैश्विक जलवायु परिवर्तन का प्रभाव समुद्र में पाए जाने वाली जैव-विविधता सम्पन्न प्रवाल भित्तियों पर पड़ेगा जिन्हें महासागरों का उष्णकटिबंधीय वर्षा वन कहा जाता है। समुद्री जल में उष्णता के परिणामस्वरूप शैवालों (Algee) पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा जो कि प्रवाल भित्तियों को भोजन तथा वर्ण प्रदान करते हैं। उष्ण महासागर विरंजन प्रक्रिया के कारण होंगे जो इन उच्च उत्पादकता वाले परितंत्रों को नष्ट कर देंगे। प्रशांत महासागर में वर्ष 1997 में अजनीनो के कारण बढ़ने वाली ताप की तीव्रता प्रवालों की मृत्यु का सबसे गंभीर कारण बनी है। एक अनुमान के अनुसार पृथ्वी की लगभग 10 प्रतिशत प्रवाल भित्तियों की मृत्यु हो चुकी है, 30 प्रतिशत गंभीर रूप से प्रभावित हुई हैं तथा 30 प्रतिशत का क्षरण

* सह आचार्य (भूगोल) वीकेबी राजकीय कन्या महाविद्यालय, डूंगरपुर (राज.) भारत

हुआ है। ग्लोबल कोरल रीफ मॉनीटरिंग नेटवर्क, ऑस्ट्रेलिया का अनुमान है कि वर्ष 2050 तक सभी प्रवाल भित्तियों की मृत्यु हो जाएगी।

जलवायु परिवर्तन का प्रभाव कृषि पैदावार पर पड़ेगा। संयुक्त राज्य अमरीका में फसलों की उत्पादकता में कमी आएगी जबकि दूसरी तरफ उत्तरी तथा पूर्वी अफ्रीका, मध्य पूर्व देशों, भारत, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया तथा मैक्सिको में गर्मी तथा नमी के कारण फसलों की उत्पादकता में बढ़ोत्तरी होगी। वर्षा जल की उपलब्धता के आधार पर धान के क्षेत्रफल में इजाफा होगा।

वातावरण में ज्यादा ऊर्जा के जुड़ाव से वैश्विक वायु पद्धति में भी परिवर्तन होगा। वायु पद्धति में परिवर्तन के परिणामस्वरूप वर्षा का वितरण असमान होगा। भविष्य में मरुस्थलों में ज्यादा वर्षा होगी जबकि इसके विपरीत पारंपरिक कृषि वाले क्षेत्रों में कम वर्षा होगी। इस तरह के परिवर्तनों से वृहद पैमाने पर मानव प्रवजन को बढ़ावा मिलेगा जो कि मानव समाज के सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक ताने-बाने को प्रभावित करेगा।

वैश्विक जलवायु परिवर्तन के फलस्वरूप बाढ़, सूखा तथा आंधी-तूफान जैसी प्राकृतिक आपदाओं की बारंबारता में वृद्धि के कारण अन्न उत्पादन में गिरावट आयेगी। स्थानीय खद्यान्न उत्पादन में कमी, भुखमरी और कुपोषण का कारण बनेगी जिससे स्वास्थ्य पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ेंगे। खाद्यान्न और जल की कमी से प्रभावित क्षेत्रों में टकराव पैदा होंगे।

जलवायु परिवर्तन का प्रभाव जैव-विविधता पर भी पड़ेगा। किसी भी प्रजाति को अनुकूलन हेतु समय की आवश्यकता होती है। वातावरण में आकस्मिक परिवर्तन से अनुकूलन के अभाव में उसकी मृत्यु हो जाएगी। जलवायु परिवर्तन का सर्वाधिक प्रभाव समुद्र के तटीय क्षेत्रों में पाई जाने वाली दलदली क्षेत्र की वनस्पतियों पर पड़ेगा जो तट को स्थिरता प्रदान करने के साथ-साथ समुद्री जीवों के प्रजनन के लिए आदर्श स्थल भी होती है। दलदली वन जिन्हें ज्वारीय वन भी कहा जाता है, तटीय क्षेत्रों को समुद्री तूफानों से रक्षा करने का भी कार्य करते हैं। जैव-विविधता क्षरण के कारण पारिस्थितिक असंतुलन का खतरा बढ़ेगा।

जलवायु में तपन के कारण ऊष्णकटिबंधीय वनों में आग लगने की घटनाओं में वृद्धि होगी परिणामस्वरूप वनों का विनाश होगा जिसके कारण जैव-विविधता का ह्यास होगा।

नाशीजीवों तथा रोगाणुओं की जनसंख्या में वृद्धि तथा इनकी नयी प्रजातियों की उत्पत्ति का प्रभाव दुधारू पशुओं पर भी पड़ेगा जिससे दुग्ध उत्पादन पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

तापमान में वृद्धि के कारण वाष्पीकरण तथा वाष्पोत्सर्जन की दर में अभूतपूर्व वृद्धि होगी परिणामस्वरूप मृदा जल के साथ ही जलाशयों में जल की कमी होगी जिससे फ़सलों को पर्याप्त जल उपलब्ध न होने के कारण उनकी पैदावार प्रभावित होगी।

जलवायु परिवर्तन का प्रभाव जलीय जंतुओं पर भी पड़ेगा। मीठे जल की मछलियों का प्रवजन ध्रुवीय क्षेत्रों में जान-माल की क्षति होगी। इसके अतिरिक्त अजनीनों की बारंबारता में भी बढ़ोत्तरी होगी जिससे एशिया, अफ्रीका तथा आस्ट्रेलिया महाद्वीपों में सूखे की स्थिति उत्पन्न होगी जबकि वहीं दूसरी ओर उत्तरी अमरीका में बाढ़ जैसी आपदा का प्रकोप होगा। दोनों ही परिस्थितियों में कृषि उत्पादकता पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

जलवायु परिवर्तन का प्रभाव हिमनदों पर भी पड़ेगा। ऊष्णता के कारण हिमनद पिघल कर खत्म हो जाएँगे। एक शोध के अनुसार भारत के हिमालय क्षेत्र में वर्ष 1962 से 2000 के बीच हिमनद 16 प्रतिशत तक घटे हैं। पश्चिमी हिमालय में हिमनदों के पिघलने की प्रक्रिया में तेजी आई है। बहुत से छोटे हिमनद पहले ही विलुप्त हो चुके हैं। कश्मीर में कोल्हाई हिमनद 20 मीटर तक पिघल चुका है। गंगोत्री हिमनद 23 मीटर प्रतिवर्ष की दर से पिघल रहा है। अगर पिघलने की वर्तमान दर कायम रही तो शीघ्र ही हिमालय से सभी हिमनद समाप्त हो जाएँगे जिससे गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र, सतजल, रावी, झेलम, चिनाब, व्यास आदि नदियों का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। इन नदियों पर स्थित जलविद्युत ऊर्जा इकाइयाँ बंद हो जाएँगी परिणामस्वरूप विद्युत उत्पादन पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। इसके अतिरिक्त सिंचाई हेतु जल की कमी के कारण कृषि उत्पादकता पर भी प्रभाव पड़ेगा। उपर्युक्त नदियों का अस्तित्व समाप्त हो जाने से भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान, अफगानिस्तान तथा बंग्लादेश भी प्रभावित होंगे।

वैश्विक जलवायु तपन के कारण जीवांश पदार्थ तेजी से विघटित होंगे परिणामस्वरूप पोषक चक्र की दर में बढ़ोतरी होगी जिसके कारण मृदा की उपजाऊ क्षमता अव्यवस्थित हो जाएगी जो कृषि पैदावार को प्रभावित करेगी।

वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड की वृद्धि के कारण पौधों में कार्बन स्थिरीकरण में बढ़ोतरी होगी परिणामस्वरूप मृदा से पोषक तत्वों के अवशोषण की दर कई गुना बढ़ जाएगी जिसके कारण मृदा की उर्वरा शक्ति पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। मृदा की उर्वरा शक्ति को बनाए रखने के लिए रासायनिक उर्वरकों के उपयोग की दर में वृद्धि होगी।

जलवायु परिवर्तन का प्रभाव वनस्पतियो तथा जंतुओं पर भी पड़ेगा। स्थानीय महासागर ऊष्णता 3 डिग्री सेल्सियस बढ़ने के कारण प्रशांत महासागर में सैलमान मछली की जनसंख्या में अभूतपूर्व गिरावट दर्ज की गई है। बढ़ती उष्णता के कारण बसंत ऋतु में जल्दी बर्फ पिघलने के कारण हडसन की खाड़ी में ध्रुवीय भालुओं की जनसंख्या में गिरावट आई है।

जलवायु परिवर्तन का सर्वाधिक दुष्प्रभाव सामाजिक तथा आर्थिक क्षेत्रों पर पड़ेगा। आर्थिक क्षेत्र का भौतिक मूल ढ़ांचा जलवायु परिवर्तन द्वारा सर्वाधिक प्रभावित होगा। बाढ़, सूखा, भूस्खलन तथा समुद्री जलस्तर में कृषि के परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर मानव प्रवजन होगा जिससे सुरक्षित स्थानों पर भीड़भाड़ की स्थिति पैदा होगी। उष्णता से प्रभावित क्षेत्रों में प्रशीतन हेतु ज्यादा ऊर्जा की आवश्यकता होगी।

निष्कर्ष – अंतत: इस निष्कर्ष पर पहुँचा जा सकता है कि जलवायु परिवर्तन एक गंभीर खतरा है जिससे संपूर्ण दुनिया प्रभावित होगी। अत: आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है कि जलवायु परितर्वन के लिए उत्तरदायी हरित गृह गैसों के वातावरण में उत्सर्जन पर प्रभावी रोक लगायी जाये ताकि जलवायु परिवर्तन के हानिकारक प्रभावों से बचा जा सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. डॉ. डी.एस.लाल, शारदा प्रकाशन, इलाहाबाद।
2. डॉ. आर.बी.दीक्षित, कल्याणी पब्लिकेशन, इलाहाबाद।
3. डॉ. सविन्द सिंह, प्रयाग प्रकाशन, इलाहाबाद।
4. दैनिक भास्कर, मई 2010

****

रामचरितमानस : नारी पात्रों का चरित्र

डॉ. पुष्पा देवी*

शोध सारांश – युगनायक गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस वैदिक परम्परा की कालजयी रचना है। समाज कल्याण हेतु तुलसीदास ने राम राज्य की कल्पना की। यह काव्य सर्वांग सुन्दर, उत्तम काव्य लक्षणों से युक्त, सभी रसों का आस्वादन करवाने वाला, पतिधर्म, भ्रातृधर्म के साथ-साथ सर्वोच्च भक्ति ज्ञान, त्याग तथा सदाचार की शिक्षा देने वाला यह काव्य स्त्री-पुरुष, बालक-वृद्ध सभी के लिए उपयोगी है। इस ग्रंथ में दार्शनिक-मूल्य, जीवन-मूल्य और समय-मूल्य की त्रिवेणी संचरण करती है। इस ग्रन्थ के विभिन्न पात्र ईर्ष्या, द्वेष, वैर और संघर्ष से जर्जरित समाज के लिए अमृतमयी जीवनदायिनी औषधी माना गया। रामचरितमानस में आए नारी पात्रों के मूल रूप से माता सती, माता कौशल्या, माता सीता, कैकेयी, मन्दोदरी, अनुसूइया इत्यादि चरित्रों का विवेचन किया गया है।

शब्द कुंजी – श्रीराममचरितमानस, तुलसीदास, जीवन मूल्य भगवान शंकर, भगवान राम, माता सती, माता सीता, माता कौशल्या, कैकेयी, मन्दोदरी, अनुसूइया ।

प्रस्तावना– युगनायक गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित श्रीरामचरितमानस वैदिक परम्परा की कालजयी कृति है। कोई रचना या घटना कालजयी तब होती है जब वह सीमित कालखण्ड और देश विशेष का अतिक्रमण करके हमेशा के लिए प्रसिद्धि पा लेती है। तुलसीदास ऐसे काल में पैदा हुए जब हिन्दू जाति घोर संकट में थी। बाह्य अत्याचारों के साथ-साथ आन्तरिक विघटन की दोहरी मार से हिन्दू समाज इतना गर्त में पहुँच चुका था कि उसके अस्तित्व पर ही प्रश्न चिन्ह लग गया था। समाज के लोग धर्म के स्वरूप को भूलकर मिथ्याचार में फंसते जा रहे थे। आपसी द्वेष भावना से भाई-भाई का दुश्मन बना हुआ था। वर्णाश्रम धर्म की शिथिलता के कारण लोगों का ईष्वर पर से विश्वास उठ चुका था। समाज कल्याण हेतु तुलसीदास ने राम राज्य की कल्पना की थी। रामचरितमानस मानव जीवन का महाकाव्य है। इसका स्थान हिन्दी काव्य में ही नहीं, बल्कि जगत् के साहित्य में अद्धितीय है। यह काव्य सर्वांग सुन्दर, उत्तम काव्य लक्षणों से युक्त, सभी रसों का आस्वादन करवाने वाला पतिधर्म, भ्रातृधर्म के साथ-साथ सर्वोच्च भक्ति, ज्ञान, त्याग तथा सदाचार की शिक्षा देने वाला यह काव्य स्त्री-पुरुष, बालक-वृद्ध और युवा सबके लिए उपयोग है। इस महाकाव्य में सर्वोपरि सगुण-साकार भगवान के आदर्श मानव लीला तथा उनके गुण, प्रभाव, रहस्य तथा प्रेम के गहन तत्व को अत्यंत सरल रोचक एवं ओजस्वी शब्दों में व्यक्त किया गया है। संसार में यह काव्य सर्वोच्च स्थान रखता है। इसी कारण गरीब-अमीर, शिक्षित-अशिक्षित, गृहस्थ-सन्यासी, स्त्री-पुरुष, बालक-वृद्ध सभी श्रेणी के लोग इस ग्रन्थ-रत्न को पढ़ते हैं। तुलसीदास ने इस ग्रन्थ के माध्यम से अपने इष्ट के प्रति श्रद्धा से ओत-प्रोत, समर्पित भाव से गहराई में उतरकर जीवन के लक्ष्य की खोज की है। मानव की आध्यात्मिक और भौतिक समस्याओं को सुलझाने की कोशिश की है। इस ग्रन्थ में दार्शनिक-मूल्य, जीवन-मूल्य और समय मूल्य की त्रिवेणी संचरण कर रही है। इस ग्रन्थ के विभिन्न पात्र ईर्ष्या, द्वेष, वैर और संघर्ष से जर्जरित समाज के लिए अमृतमयी जीवनदायिनी औषधी माना गया। रामचरित मानस में आए नारी पात्रों में मूल रूप से माता सती, माता कौशल्या, माता सीता, कैकेयी, मन्दोदरी, अनुसूइया इत्यादि चरित्रों का विवेचन किया गया है। रामचरित मानस के बालकाण्ड में सती-भ्रम के प्रसंग का वर्णन मिलता है। जब भगवान राम लक्ष्मण के साथ सीता की खोज में दर-दर भटक रहे थे तो भगवान षिव ने श्रीराम को देखा और प्रणाम करते हुए कहा –

जय सच्चिदानंद जग पावन । अस कहि चलेउ मनोज नसावन ।।
चले जात सिव सती समेता । पुनि पुनि पुलकत कृपानिकेता ।।[1]

माता सती ने भगवान शंकर की यह दशा देखी तो उनके मन में बड़ा सन्देह उत्पन्न हुआ और मन ही मन कहने लगी कि जिस शंकर भगवान की सारा जगत् वंदना करता है वह एक राजपुत्र को सच्चिदानंद परधाम कहकर प्रणाम करते हैं। श्रीराम, लक्ष्मण की शोभा को देखकर वे इतने प्रेममग्न हो गए हैं कि अब तक उनहे हृदय में उत्पन्न प्रेम रोकने से भी नहीं रूक रहा है। उन्हें विश्वास नहीं हो रहा था कि भगवान विष्णु स्वयं देवताओं के कल्याण हेतु मानव रूप धारण करेंगें जैसे कि–

चौ0–बिश्नु जो सुर हित नरतनु धारी । सोउ सर्बग्य जथा त्रिपुरारी ।।
खोजइ सो कि अग्य इव नारी । ग्यानधाम श्रीपति असुरारी ।।[2]

सती माता इस बात को भी अच्छी तरह जानती थी कि भगवान शंकर के वचन झूठे नहीं हो सकते। परन्तु फिर उसके हृदय में ज्ञान उत्पन्न नहीं होता। जैसे कि –

संभुगिरा पुनि मृषा न होई । सिव सर्बग्य जान सबु कोई ।।
अस संसय मन भयउ अपारा । होइ न हृदयँ प्रबोध प्रचारा ।।[3]

दोनों बातों के अन्तर्द्वंद्व से माता सती विचलित हो उठी। भगवान शंकर की पत्नी होकर भी उसके स्वभाव में नारी की सहज चंचलता है। शंकर भगवान द्वारा समझाए जाने पर भी उन्हें राम की महिमा में विश्वास नहीं होता। उसके आन्तरिक द्वन्द्व को समझकर षिव माता सती को समझते हैं। जैसे कि –

जद्यपि प्रगट न कहेउ भवानी। हर अंतरजामी सब जानी ।।
सुनहि सती तव नारि सुभाऊ। संसय अस न धरिअ उर काऊ ।।[4]

भगवान शंकर ने माता सती को बहुत समझाया, फिर भी सती माता

* एसोसिएट प्रो0 (हिन्दी) फतेहचन्द महिला महाविद्यालय, हिसार (हरियाणा)) भारत

को भगवान शंकर का कथन सार्थक नहीं लगी। इसके परिणामस्वरूप माता सती भगवान राम की सर्वज्ञता की परीक्षा लेने के लिए सीता माता का रूप धारण करके उन दोनों भाईयों के समक्ष उपस्थित हुई। जैसे ही लक्ष्मण माता सती को देखते हैं –

चौ0–लछिमन दीख उमाकृत बेशा । चकित भए भ्रम हृदयँ बिसेशा ।।
कहि न सकत कछु अति गंभीरा । प्रभु प्रभाउ जानत मतिधीरा ।।[5]

X X X X

सती कपटु जानेउ सुरस्वामी । सबदरसी सब अंतरजामी ।।
सुमिरत जाहि मिटइ अग्याना। सोइ सरबग्य रामु भगवाना ।।[6]

इस स्थिति पर भगवान शंकर ने प्रभु श्रीराम के चरणों में सिर नवाया और श्रीराम का स्मरण करते हुए उनके मन में आया–

चौ0–तब संकर प्रभु पर सिरु नावा । सुमिरत रामु हृदयँ अस आवा ।।
एहिं तन सतिहि भेंट मोहि नाहीं। सिव संकल्पु कीन्ह मन माहीं।।[7]

पति–पत्नी का प्रेम, विश्वास पर कायम होता है। जब सती माता को भगवान शिव अनेक बार समझाते हैं तब भी उन्हें विश्वास नहीं होता और वो सीता का रूप धारण करके भगवान राम के समक्ष जाकर खड़ी हो जाती हैं तो इससे भगवान शंकर और माता सती के प्रेम में दरार पड़ जाती है और भगवान शंकर माता सती का त्याग कर देते हैं–

दो0–सतीं हृदयँ अनुमान किय सबु जानेउ सर्वग्य ।
कीन्ह कपटु मैं संभु सन नारि सहज जड़ अग्य ।।

X X X X

सो0–जलु पय सहिस बिकाइ देखहू प्रीति कि रीति भलि।
बिलग होइ रसु जाइ कपट खटाई परत पुनि ।।[8]

इस प्रसंग पर यदि विचार किया जाए तो दो बातें सामने आती हैं। एक तो यह कि मनुष्य को ज्यादा भ्रम नहीं करना चाहिए। अधिक भ्रम करने से मानव को हानि उठानी पड़ सकती है जैसे की माता सती को उठानी पड़ी। भगवान शिव से उन्हें भ्रम के कारण ही त्यागा। दूसरा–पति–पत्नी को एक दूसरे के सही विचारों की उपेक्षा नहीं करनी चाहिए। जैसे माता सती को अपनी गलती की आभास होता है तो वह आत्मग्लानि से भरकर स्वयं की भर्त्सना करती है। आदर्श पति– पत्नी का पारस्परिक सम्बन्ध श्रद्धा और विष्वास का प्रतीक है। कल्याण तभी तक है जब तक दोनों में आस्था और विष्वास विचलित न हो। शिव के वचनों में आस्था की कमी एवं झूठ के कारण ही जगत् माता सती को अग्नि में भस्म होना पड़ा। मरते समय माता सती ने भगवान शिव से वर मांगा कि उसका जन्म–जन्मान्तर तक शिव के चरणों में अनुराग रहे। कठोर तपस्या करके माता सती अपने अगले जन्म में पार्वती के रूप में पैदा होकर भगवान शिव को प्राप्त हुई। इस बात की पुष्टि तब होती है जब स्वयं सीता जनक वाटिका में माँ पार्वती की पूजा के लिए पहुँचती हैं और कहती हैं :–

दो0–पतिदेवता सुतीय महुँ मातु प्रथम तव रेख ।
महिमा अमित न सकहिं कहि सहस सारदा सेश ।।

X X X X

चौ0–सेवत तोहि सुलभ फल चारी। बरदायनी पुरारि पिआरी ।।
देबि पूजि पद कमल तुम्हारे । सुर नर मुनि सब होहिं सुखारे ।।[9]

इसी के साथ माता सीता की निष्ठा की भी परीक्षा होती है। जब रावण सीता को विभिन्न प्रकार से डराकर, धमका कर अपनी पटरानी बनाने के लिए विवश करता है तो माता सीता अटूट निष्ठा का परिचय देती हैं।

तव अनुचरीं करउँ पन मोरा । एक बार बिलोकु मम ओरा ।।
तृन धरि ओट कहति बैदेही। सुमिरि अवधपति परम सनेही ।।[10]

X X X X

स्याम सरोज दाम सम सुंदर। प्रभु भुज करि कर सम दसकंधर।।
सो भुज कंठ कि तव असि घोरा। सुनु सठ अस प्रवान पन मोरा।।[11]

राम के प्रति सीता की निष्ठा अटूट रही। वे बिना पति के सब कुछ निरसार समझती है। पति के साथ उसे जंगल में भी मंगल दिखाई देता है। वह जीवन में हर तरह के दु:ख सहन कर सकती हैं परन्तु पति वियोग नहीं सह सकती। उसकी दृष्टि में पति के बिना पत्नी का कोई अस्तित्व नहीं है। वो कहती हैं –

जिय बिनु देह नदी बिनु बारी। तैसिअ नाथ पुरुष बिनु नारी ।।
नाथ सकल सुख साथ तुम्हारें। सरद बिमल बिधु बदनु निहारें।।[12]

तुलसीदास के रामचरित मानस में नारी की स्वतन्त्रता की अवहेलना की गई है। उनके काव्य के अनुसार आदर्श नारी पति का अनुगमन करने वाली होनी चाहिए। तुलसीदास की सीता अत्यंत दीन और पराश्रित है। अशोक वाटिका में जब रावण उन्हें भय दिखाता है तो वो राम के बाण का ही सहारा लेती दिखाई देती हैं। जैसे कि –

सुनु दसमुख खद्योत प्रकासा। कबहुँ कि नलिनी करइ बिकासा ।।
अस मन समुझु कहति जानकी । खल सुधि नहिं रघुबीर बान की ।।[13]

तुलसीदास के रामचरित मानस काव्य में एक आदर्श पत्नी के स्वरूप को वर्णित किया है। पत्नी चाहे किसी भी परिस्थिति में हो उसे प्रत्येक पल अपने पति के बल और उसके प्रति विश्वास का ध्यान रहना चाहिए। माता सीता स्वयं एक देवी शक्ति का अवतार थी । वह एक पल में रावण को खत्म कर सकती थी परन्तु फिर भी रावण जैसे दानव को अपनी शक्ति न दिखाकर अपने पति के बाण का भय दिखाती हैं और एक आदर्श पत्नी बनकर पति सेवा को ही अपना धर्म मानती हैं।

रामचरित मानस में माता कौशल्या का चरित्र बड़ा ही अनुपम है। वह पुत्र प्रेम, सहिष्णुता, शीलधर्म और सद्भाव की मूर्ति हैं। उसे राम के वनगमन की किसी भी बात का पता नहीं है जैसे ही भगवान राम माता कौशल्या से वनगमन के लिए आज्ञा माँगने आते हैं तो एक बार तो उसकी दशा उस डरी हुई हिरणी के समान हो गयी जिसने सिंह की भयानक गर्जना को सुन लिया हो। परन्तु जल्दी ही धीरज धारण करके सोचने लगती हैं और अन्तर्द्वंद्व में फंस जाती हैं, सोचती हैं –

चौ0–राखि न सकइ न कहि सक जाहू । दुहूँ भाँति उर उर दारुन दाहू ।।
लिखत सुधाकर गा लिखि राहू । बिधि गति बाम सदा सब काहू ।।[14]

X X X X

धरम सनेह उभयँ मति घेरी । भइ गति साँप छुछुंदरि केरी ।।
राखउँ सुतहि करउँ अनुरोधू । धरमु जाइ अरु बंधु बिरोधू ।।[15]

इस अन्तर्द्वंद्व से कौशल्या जल्द ही निदान पा लेती हैं और अपनी उदारता प्रदर्शित करते हुए राम को समझाती हैं –

चौ0–जौं केवल पितु आयसु ताता। तौ जनि जाहु जानि बड़ि माता ।।
जौं पितु मातु कहेउ बन जाना। तौ कानन सत अवध समाना ।।[16]

ऐसी स्थिति में भी माता कौशल्या पिता से अधिक माता के आदेश को महत्व देती हैं और माता के आदेश का पालन करने को कहती हैं।

माँ कौशल्या अपनी ममता में और कैकेयी की ममता में लेष मात्र भी अन्तर नहीं मानती और न ही उसके मन में कैकेयी के प्रति क्रोध या घृणा या सोत का भाव प्रवेश कर पाता है। वह बिल्कुल सहज रहकर आगे की स्थिति को सम्भालने की कोशिश करती है।

जब राजा दशरथ के प्राण एकदम कण्ठ में आ जाते हैं तो स्थिति बहुत ही नाजुक हो जाती है और कौशल्या माता समझ जाती है कि अब सूर्यकूल का सूर्य अस्त होने वाला है तो माता अपने हृदय में धीरज धारण करके राजा दशरथ को समझाते हुए कहते हैं –

नाथ समुझि मन करिअ बिचारू । राम बियोग पयोधि अपारू ।।
करनधार तुम्ह अवध जहाजू । चढ़ेउ सकल प्रिय पथिक समाजू ।।

X X X X

धीरजु धरिअ त पाइअ पारू। नाहिं त बूड़िहि सबु परिवारू ।।
जौं जियँ धरिअ बिनय पिय मोरी। रामु लखनु सिय मिलहिं बहोरी।।[17]

कौशल्या माता के ये वचन उसकी कर्त्तव्यपरायणता, नीतिमत्ता, आदर्श सपत्नी (सुमित्रा और कैकेयी) के प्रति निर्मल आचरण विवेकशीलता आदि गुण उसे उस पद पर प्रतिष्ठित कर देते हैं, जहाँ संसार की अन्य नारी नहीं पहुंच सकती। जब भरत और शत्रुघ्न पिता की मृत्यु के बाद अयोध्या लौटते हैं और माता कौशल्या के समक्ष उपस्थित होते हैं तो माता कौशल्या सारे दु:ख भूलकर दोनों भाईयों को अपनी छाती से लगा लेती है और कहती है –

चौ0–सरल सुभाय मायँ हियँ लाए। अति हित मनहुँ राम फिरि आए ।।
भेटेउ बहुरि लखन लघु भाई। सोकु सनेहु न हृदयँ समाई ।।

X X X X

देखि सुभाउ कहत सबु कोई। राम मातु अस काहे न होई ।।
माताँ भरतु गोद बैठारे। आँसु पोंछि मृदु बचन उचारे ।।[18]

माँ कौशल्या को इस बात का लेश मात्र भी दु:ख नहीं है कि उसके पुत्र राम को बनवास भेज दिया गया है उसे तो इस बात की चिन्ता है कि भगवान राम के बिना उसका छोटा भाई भरत महाराज और प्रजा का क्या हाल होगा। गोस्वामी तुलसीदास ने माता कौशल्या का चरित्र अत्यंत उदात, विवेकशील और पूर्णत: अनुशासित प्रस्तुत किया है।

रामचरित मानस के अयोध्याकाण्ड में माता कैकेयी को अत्यंत कठोर रूप में चित्रित किया गया है। कैकेयी के दोष निवारण के लिए गोस्वामी तुलसीदास ने माँ सरस्वती द्वारा बुद्धि–भ्रष्ट होने की घटना का समावेश किया है। इसी के अनेक कथाओं के माध्यम से ज्ञात होता है कि भगवान विष्णु धरती माँ को वचन देते हैं कि वे राम अवतार लेकर धरती माँ के सारे भार को हर लेंगें। जैसे कि –

चौ0– जनि डरपहु मुनि सिद्ध सुरेसा। तुम्हहि लागि धरिहउँ पर बेसा ।।
अंसन्ह सहित मनुज अवतारा । लेहउँ दिनकर बंस उदारा ।।

X X X X

कस्यप अदिति महातप कीन्हा। तिन्ह कहुँ मैं पूरब बर दीन्हा ।।
ते दसरथ कौसल्या रूपा। कोसलपुरीं प्रगट नरभूपा ।।[19]

वहीं दूसरी ओर रावण अपने भाईयों सहित कठोर तप करते हैं और भगवान विष्णु से वर माँगते हैं कि –

करि बिनती पद गहि दससीसा । बोलेउ बचन सुनहु जगदीसा ।।
हम काहू के मरहिं न मारें। बानर मनुज जाति दुह बारें।।[20]

इस प्रकार के उद्धरण से ज्ञात होता है कि भगवान राम का जन्म दुष्टों को मारने हेतु हुआ है। सृष्टि ने माता कैकेयी को ही इस योग्य समझा कि कैकेयी ही भगवान राम को उनका लक्ष्य बता सकती है। जिससे भगवान राम का जन्म सार्थक सिद्ध हो सकें।

प्रारम्भ में कैकेयी का व्यवहार निष्कपट होता है। मंथरा के वचनों को सुनकर उसका रोष फूट पड़ता है और मंथरा को भला–बुरा कहती है। परन्तु जल्द ही उसकी मति भ्रष्ट हो जाती है और मंथरा के कहे गए शब्दों को सही मानकर अपने कुकृत्य को अंजाम देती है। इस कुकृत्य से पति की मृत्यु पर भी कैकेयी का दिल नहीं पिघलता, ऐसे लगता है मानो उसे अपने कृत्य पर संतोष है, उसे अपने किये पर कोई ग्लानि नहीं है –

सेक बिकल सब रोवहिं रानी। रूपु सीलु बलु तेजु बखानी ।।
करहिं बिलाप अनेक प्रकारा । परहिं भूमितल बारहिं बारा ।।

X X X X

बिलपहिं बिकल दास अरु दासी। घर घर रुदनु करहिं पुरबासी ।।
अँथयउ आजु भानुकुल भानू । धरम अवधि गुन रूप निधानू ।।

X X X X

गारीं सकल कैकइहि देहीं। नयन बिहीन कीन्ह जग जेहीं ।।
ऐहि बिधि बिलपत रैनि बिहानी। आए सकल महामुनि ग्यानी ।।[21]

इन सब स्थितियों का रानी कैकेयी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। जब माता कैकेयी भरत और अयोध्यावासियों के साथ भगवान राम से मिलने चित्रकूट जाती हैं तो वहाँ पर भी अधिक कुछ नहीं बोलती। ऐसा लगता है जैसे माता कैकेयी को चित्रकूट लाकर सभी विद्धानजन उसे पश्चाताप करने के लिए विवश कर रहे हों। परन्तु फिर भी वह मौन ही रहती है, ऐसा लग रहा है जैसे अत्यंत गम्भीर भुचाल आया और अपने कार्य को करके थम सा गया हो।

तुलसीदास ने अनुशासनहीन समाज को पुन: मर्यादाबद्ध करने के लिए परम्परा से पूज्य ऋषि पत्नी अनुसूया से ही उपयुक्त उपदेश करवाया। ऋषि पत्नी अनुसूया सीता को पति प्रेम और पति भक्ति का उपदेश देते समय पतिव्रता नारियों की चार कोटियाँ बताती है और जीवन के साथ व्यक्ति के उत्तारदायित्व, दाम्पत्य जीवन की महता तथा धर्म के मर्म को समझाती हुई कहती है–

मातु पिता भ्राता हितकारी। मितप्रद सब सुनु राजकुमारी ।।
अमित दानि भर्ता बयदेही। अध मसो नारि जो सेव न तेही ।।[22]

अनुसूया ने पतिव्रत का जो विस्तृत उपदेश सीता को दिया है वह सीता के निमित्त नहीं बल्कि उस समय के मर्यादाहीन समाज के हित के उद्देश्य से प्रेरित है। तुलसीदास का रामचरित मानस के लेखन का उद्देश्य भी सार्थक सिद्ध होता है। मन्दोदरी रावण की पटरानी है। जब रावण कामवासना की तृप्ति के लिए और अपनी बहन शूर्पणंखा के अपमान का बदला लेने के लिए सीता का हरण करता है तो मन्दोदरी उसे समझाकर सन्मार्ग पर लाने का भरसक प्रयास करती है। एकांत में रावण के चरण पकड़ कर विनती करती है –

रहसि जोरि कर पति पग लागी। बोली बचन नीति रस पागी ।।
कंत करष हरि सन परिहरहू । मोर कहा अति हित हियँ धरहु ।।

X X X X

तव कुल कमल बिपिन दुखदाई। सीता सीत निसा सम आई ।।
सुनहु नाथ सीता बिनु दीन्हें। हित न तुम्हार संभु अज किन्हें ।।[23]

X X X X

तासु बिरोध न कीजिअ नाथा। काल करम जिव जों हाथा ।।[24]

लेकिन कामान्ध एवं दर्प रावण मन्दोदरी की इस चिन्ता को वास्तविक न मानकर उसे उसकी नारी सम्बन्धी दुर्बलता मानता है और उसका मजाक उड़ाता हुआ खूब हँसता है और कहता है –

चौ0–श्रवन सुनी सठ ता करि बानी। बिहसा जगत बिदित अभिमानी ।।
सभय सुभाउ नारि कर साचा। मंगल महुँ भय मन अति काचा ।।[25]

मन्दोदरी ने रावण को हर दृष्टिकोण से समझाने की कोशिश की। राम के परब्रह्मत्व का आभास दिलाकर भी समझाया। अनेक घटनाओं को याद

दिलाया परन्तु फिर भी रावण की समझ में कुछ नहीं आता और वो अपनी जिद पर ही अड़ा रहता है।

मन्दोदरी का रावण पर वश नहीं चलतौ अन्ततः रावण को अपनी करनी का फल मिलता है, पत्नी होने के नाते मन्दोदरी का भी अपने पति के कुकृत्य का फल भोगना पड़ता है।

अतः तुलसीदास ने नारी पात्र को पुरुष पात्र से नीचा स्थान नहीं दिया। उनकी दृष्टि में सामान्य स्त्री तो क्या राक्षस कुल में उत्पन्न हुई एवं वनवासिनी स्त्रियाँ भी भक्ति की अधिकारिणी है। शबरी के साथ-साथ त्रिजटा, मन्दोदरी इसका ज्वलन्त उदाहरण है। समाज के हर पहलू का प्रभाव प्रत्येक पुरुष एवं नारी पर समान रूप से पड़ता है। तुलसीदास जी की दृष्टि स्त्रियों के प्रति सदय, उदार, संवेदनशील सम्मानजनक है। रामचरित मानस में ऐसे अनेक प्रसंग आए हैं जहाँ नारी का चरित्र उदार पद पर प्रतिष्ठित हुआ है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. श्री रामचरित मानस, टीकाकार- श्री हुनमान प्रसाद जी पोंद्दार, प्रकाशकः जय प्रकाश, श्री गीताप्रैस चण्डीगढ़,1982 पृष्ठ संख्या 64
2. वही पृष्ठ संख्या 64
3. वही पृष्ठ संख्या 65
4. वही पृष्ठ संख्या 65
5. वही पृष्ठ संख्या 66
6. वही पृष्ठ संख्या 67
7. वही पृष्ठ संख्या 70
8. वही पृष्ठ संख्या 71
9. वही पृष्ठ संख्या 243
10. वही पृष्ठ संख्या 803
11. वही पृष्ठ संख्या 804
12. वही पृष्ठ संख्या 433
13. वही पृष्ठ संख्या 804
14. वही पृष्ठ संख्या 423
15. वही पृष्ठ संख्या 424
16. वही पृष्ठ संख्या 424
17. वही पृष्ठ संख्या 517
18. वही पृष्ठ संख्या 527
19. वही पृष्ठ संख्या 196
20. वही पृष्ठ संख्या 185
21. वही पृष्ठ संख्या 519
22. वही पृष्ठ संख्या 692
23. वही पृष्ठ संख्या 832
24. वही पृष्ठ संख्या 866
25. वही पृष्ठ संख्या 833

****

Merger of Canara Bank and Syndicate Bank: An Overview

Mahendra Krishna* **Dr. Anil Saxena****

Abstract - Indian banking industry is taken as one of the largest global industries where there are several types of banks in both the public sector and the private sector. All the banks serve the people all over the country and even in the other countries through their branches spread across the world. The sole purpose of the banks is to promote saving among the people; to provide interest at different rates on the deposits made by the people; to provide various types of loans, such as, vehicle loan, home loan, education loan, personal loan, business loan etc.; to provide safety to the customer's money and valuables kept in the lockers, and to facilitate the deposit and lending transactions through ATMs, Internet banking, Mobile banking etc.

With the service of the banks being provided to the customers, the days are gone when the people would be afraid of the thieves and dacoits; when it would be difficult for them to keep their valuables and liquid money at home; and when they even could not sleep for the fear of the thieves.

Merger and acquisition are the policy matters of the government under which a weaker bank is merged into a stronger public sector bank with certain specific objectives. Public Sector Banks (PSBs) are banks where a majority stake (i.e. more than 50%) is held by a government.The merger of the Syndicate Bank into the Canara bank surprised everyone, but this step was taken with a view to improving the financial health of the nation.

This study deals with most of the major aspects associated to the merger of the Syndicate Bank into the Canara Bank. The findings reveal that there is not a tremendous difference between the pre-merger and post-merger status of the Canara Bank. However, it is hoped that in the years and decades to come, the Canara Bank would be able to meet out all the objectives with which the merger of both the banks was made.

Key Words- Merger, Bank, Overview, Financial health, Efficiency, Public Sector.

Introduction - For the sake of the strengthening and maintaining the financial health of a nation, the banking system of a nation plays a vital role. The banking system allows the citizens that include common men, businessmen, industrialists as well as the organizations to save their money with the banks through the deposits in various forms. Through the small and large transactions in the banks, the customersnot only make savings, but also strengthen the efficiency of the banks.

Report of the World Bank, 2019, comment on the growing importance of the Indian banking system saying that 'India's share in global investments shall be almost double by 2030 designating India as a "Powerhouse in global savings and investment". With 158,373 functioning offices of commercial banks in India as on March, 2020, there are 14.1 banks and 20.95 ATMs per 1,00,000 adults in India. It makes the Indian banking system one of the largest banking systems in the world.

Trends in the various walks in life keep changing with the passage of time. The more the time advances, the more advanced methods of working are adopted in the world. The Indian banking industry is not an exception to it. Once there was a time when the banks in India were supposed to be suitable only for lending and borrowing; when the people would go to banks either to deposit their money in order to lend it to the banks with a view to getting a handsome interest on it, and thus, to increase the capital money, or to borrow the deposited money for the various purposes. The twenty-first century has brought about revolutionary changes in the Indian banking system and Indian banking industry.

The shift from traditional functioning of the banks to the internet banking (NEFT), mobile banking (Google Pay, Phone Pay etc.), micro banking etc. reveal the changing and changed trends of the Indian banking industry. The Government of India is serious about how to increase the efficiency of the banks in public sector and how to strengthen the financial health. For it, the merger and acquisition of banks is being promoted.

Merger of Syndicate Bank intoCanara Bank: A Historical

* **Research Scholar, Accounts & Law (Commerce), K.R. (PG) College, Mathura (U.P.) INDIA**

** **Research Supervisor & Associate Professor, Accounts & Law, Faculty of Commerce, K.R. (PG) College, Mathura (U.P.) INDIA**

Perspective

Syndicate Bank:'Founded in 1925 in the princely state of Mysore, Manipal, Udupiby UpendraAnanthPai, T. M. A. Pai, and VamanSrinivasKudva, the Syndicate Bank occupied an important place in the Indian banking industry. It is still recognized as one of the oldest and largest commercial banks in India. At the time when it was founded, its nomenclature was made as 'Canara Industrial and Banking Syndicate Limited', and had the status of being the wholly owned subsidiary of Canara Bank.

It was nationalized in addition to the other 13 Indian commercial banks on 19th July, 1961. Since the date of its status as a nationalized bank, the Syndicate bank had contributed immensely to the nation as a whole. The role, efficiency and contribution to the financial health of the nation can be noticed through the following achievements of the bank-

1. The collaboration of the Syndicate bank with UNEP in 2003 for the purpose of granting loans for purchasing the solar lamps.
2. The announcement of sabbatical leave scheme with partial pay to make reduction in the employee overhead in 2003.
3. Offering of equity shares in July 2005- 45 million shares with a face value of $10 @ $46-$50.
4. Formation of Karnataka VikasGrameena Bank (September, 2005) through the merger of four Syndicate Bank-sponsored rural banks, namely, MalaprabhaGrameena Bank (MGB), BijapurGrameena Bank (BGB), VaradaGrameena Bank (VGB), and NetravatiGrameena Bank (NGB).
5. Relaunch of Pigmy Deposit Scheme in March 2007.
6. 3552 branches of Syndicate Bank across the country in 2015.

However, despite all this achievement of the Syndicate Bank, it was considered weaker to the Canara Bank, and was finally merged into Canara Bank on April 1, 2020.

Canara Bank: 'Founded in the year 1906 in Mangalore by AmmembalSubbaRaoPai and owned by the Ministry of Finance, Govt. of India, the Canara Bank enjoys the popularity and reputation of being the third largest nationalized bank of India. Its offices are not only in India, but in the various countries of the world, such as, London, Hong Kong, Dubai, and New York. At the time of its founding, its nomenclature was made as Canara Hindu Permanent Fund Ltd. which was changed asCanara Bank Ltd in 1910. By June, 2021, the number of the branches of the Canara Bank and its ATMs had been respectively 9,877 and 11,819. There are the following achievements to its name and account-

1. In 1961, the Bank of Kerala was purchased as its first acquisition.
2. Acquisition of Seasia Midland Bank as its second acquisition
3. Acquisition of G. Raghumathmul Bank in Hyderabad in 1958
4. Merger of G. Raghumathmul Bank in 1961.
5. Acquisition and merger of Trivandrum Permanent Bank in 1961.
6. Canara Bank offers credit cards, consumer banking, corporate banking, finance and insurance, investment banking, mortgage loans, private banking, wealth management, personal loans, and payment services.

Important Dates & the merger of Syndicate Bank with the Canara Bank[4]

S.	Date & Year	Event
1	August 30, 2019	Announcement of the amalgamation of Syndicate bank into Canara bank by the finance minister
2	September4,2019	Prior information of board meeting -Amalgamation of Syndicate bank into Canara bank.
3	September13,2019	Outcome of the board meeting Amalgamation of Syndicate bank into Canara bank
4	November20,2019	Formal Approval of alternate mechanism to proposed amalgamation of Syndicate into Canara bank
5	March 5, 2020	Stock exchange disclosure regarding share exchange ratio for amalgamation of Syndicate bank into Canara bank & intimation of record date
6	March 5, 2020	Gazattee notification of scheme of amalgamation of Syndicate bank into Canara bank
7	March 18, 2020	News paper publication, Amalgamation & Expert committee updates
8	April 1, 2020	The amalgamation of Syndicate bank into Canara bank came into existence.

Source: Yogashree C (2019). Effect of Amalgamation on Financial Performance: A Case Study of Canara Bank Ltd.

